चैत्र शुक्ल पक्ष चतुर्दशी संवत् 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 284 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
11 अप्रैल 2025 शुक्रवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
40 अधिकतम
21 न्यूनतम



Page-7

## मौसम की दोहरी मार, उप्र बिहार में तूफान से 73 मौतें



नईदिल्ली, एजेंसी

देश में मौसम की दोहरी मार जारी है। एक तरफ तेज गर्मी और दूसरी तरफ आंधी-तूफान और बारिश का कहर है। यूपी-बिहार में आंधी-तूफान के कारण 73 लोगों की मौत हो गई। इसमें 59 मौतें बिहार में और 14 मौतें यूपी में हुई। मौसम विभाग के मुताबिक आज भी जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, बिहार, झारखंड, ओडिशा, केरल, तमिलनाडु, असम, मेघालय में तूफानी हवा चल सकती है। साथ ही बिजली गिरने का भी अलर्ट है। तेज बारिश की भी संभावना रहेगी। उत्तराखंड के चमोली में गुरुवार को बादल भी फटा था। वहीं देश के कई इलाकों में भीषण गर्मी भी जारी है। ज्यादातर राज्यों में दिन का पारा 35 के पार जा रहा है। राजस्थान के बाड़मेर में सबसे ज्यादा 44 है। वहीं आज दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात, ओडिशा,मप्र और उत्तर प्रदेश में पारा 35 से 40 के बीच रहेगा। गुजरात में 43 तक जा सकता है। मप्र के 30 जिलों में लू का अलर्ट है। दक्षिणी राज्यों में लू का ऑरेंज अलर्ट है।

### भोपाल जिले में स्कूल टाइम अब 12 बजे तक

भोपाल। भोपाल जिले में तापमान में लगातार वृद्धि को देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले के कक्षा 8वीं तक के सभी विद्यालयों में दोपहर 12 बजे तक का समय निर्धारित किया है। यह आदेश विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए जिला कलेक्टर के निर्देश पर 9 अप्रैल 2025 को जारी किया गया है। निर्देश में कहा गया है कि कक्षा 8वीं तक की किसी भी शाला में दोपहर 12 बजे के बाद अध्यापन कार्य नहीं होगा। जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार अहिरवार ने कहा कि आदेश सभी स्कूलों पर लागू होगा। आदेश का पालन नहीं होने और शिकायत मिलने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

नए साल में प्रधानमंत्री का तीसरा मप्र दौरा, सीएम यादव व सिंधिया भी साथ

# आनंदपुर धाम में पीएम मोदी, गुरू से मुलाकात, श्रद्धालुओं के संग सत्संग

भोपाल/अशोकनगर दोपहर मेट्रो।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दोपहर मप्र के अशोकनगर स्थित आनंदपुर धाम पहुंच रहे हैं। वे अपराह करीब तीन बजे आयेंगे। मोदी श्री आनंदपुर धाम में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इसके लिये काफी दिनों से तैयारी की जा रही थी। प्रधानमंत्री परमहंस द्वैत मत के प्रमुख गुरू महाराज, महात्मा शब्द प्रेमानंद और अन्य संतगण से भेंट कर श्री आनंदपुर धाम के सेवा प्रकल्पों की जानकारी लेंगे। धाम में वैशाखी मेले में करीब 20 हजार श्रद्धालु भागीदारी करते हैं। प्रधानमंत्री की आनंदपुर धाम यात्रा के मद्देनजर ग्वालियर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। प्रधानमंत्री आनंदपुर धाम में गुरु जी महाराज मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना करेंगे और 315 हेक्टेयर क्षेत्र में फैले आनंदपुर धाम का भ्रमण करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी वैशाखी मेले में देश-विदेश के अनुयायियों को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इस यात्रा व कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर देर रात भी अफसरों से बात की। यादव ने बताया कि देश के प्रमुख धार्मिक, आध्यात्मिक और सेवा संस्थानों में से एक अशोकनगर के श्री आनंदपुर धाम में प्रतिवर्ष वैशाखी पर वार्षिक मेला लगता है। इस समागम में धाम से जुड़े हजारों देशी-विदेशी अनुयायी पधारते हैं। इस वर्ष मोदी के आगमन से यह मेला अविस्मरणीय बनने जा रहा है। यादव ने कहा कि इस धाम जैसे स्थान आस्था के केंद्र होने के साथ ही धार्मिक, आध्यात्मिक पर्यटन के भी बड़े केंद्र हैं. इसे जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों को एक बार जरूर देखना चाहिए। यादव ने आज कहा कि मोदी के नेतृत्व में विरासत से विकास के सभी संकल्पों को लेकर राज्य सरकार कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रही है। प्रदेश में उनका आगमन गरिमा- गौरव और आनंद का विषय है। उधर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 13 अप्रैल को भोपाल और 17 अप्रैल को नीमच में होंगे।

### मोदी का पुलिस अफसरों से सीधा सवाल

पीएम नरेंद्र मोदी वाराणसी पहुंचे। खबरों के मुताबिक एयरपोर्ट पर उतरते ही पीएम ने पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल से छात्रा से गैंगरेप केस को लेकर सवाल-जवाब किए। उन्होंने कमिश्नर से वारदात की पूरी जानकारी ली व कहा- सभी दोषियों पर सख्त एक्शन हो। साथ ही, ऐसी घटना दोबारा न होने पाए। कमिश्नर ने पूरी स्टेटस रिपोर्ट बताई। उन्होंने कहा कि इस मामले में मुख्य आरोपी समेत 9 लोगों को जेल भेजा जा चुका है। तीनों और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मुख्य आरोपी का कैफे सील कर दिया गया है। ज्ञात हो कि वाराणसी में ग्रेजुएशन की छात्रा से 23 ल?कों ने 7 दिन तक गैंगरेप किया था, फिर उसे सड़क पर फेंक कर भाग गए थे। छात्रा बदहवास हालत में घर पहुंची और दो दिन तक बेहोश रही थी। एयरपोर्ट से पीएम हेलिकॉप्टर से मेंहदी गंज पहुंचे। यहां सीएम योगी ने उनका स्वागत किया। उन्हें कमल छतरी भेंट किया। 3,884 करोड़ के 44 प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण और शिलान्यास किया।



मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आज सुबह भोपाल में द इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स-एमपी चैप्टर के सम्मेलन ट्रांसोम 2025 का कुशाभाउ ठाकरे सभागार में दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

सेंसेक्स 1400 अंक उछला

## टैरिफ खौफ से आजादी मिलते ही बाजार ने मारी छलांग

मुंबई, एजेंसी

सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन आज भारतीय बाजार अमेरिकी टैरिफ खौफ से आजाद नजर आया। बाजार खुलने के बाद सेंसेक्स करीब 1400 अंक यानि 1.54 फीसदी की तेजी के साथ 75,200 के स्तर पर कारोबार करने लगा। वहीं निफ्टी में भी 450 अंकों से ज्यादा की तेजी है, ये 22,850 के स्तर पर आ गया है। फार्मा और मेटल शेयरों में सबसे ज्यादा खरीदारी है। एनएसई 50 शेयरों में से 46 में तेजी है। चीन को छोड़कर अन्य सभी देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ को 90 दिनों के लिए टालने के अमेरिकी राष्ट्रपति के फैसले के बाद वहां का बाजार 12 फीसदी चढ़कर बंद हुआ था। वहीं अगले दिन सुबह यानी, 10 अप्रैल को एशियाई बाजारों में 10 फीसदी तक की तेजी आई थी। लेकिन कल यानी गुरुवार को महावीर जयंती के कारण बाजार बंद था। इसीलिए आज अमेरिकी और एशिया के अन्य बाजारों में गिरावट के बावजूद भारतीय बाजार ऊपर है। अब 90 दिनों की अस्थायी राहत से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के बारे में चल रही चर्चाओं को गति मिलने की उम्मीद है। भारत के विपरीत चीन को टैरिफ में छूट नहीं दी गई है। इससे भारतीय एक्सपोर्टर्स को शॉर्ट टर्म में कॉम्पिटिटिव एडवांटेज मिल सकता है। इससे पहले 9 अप्रैल को सेंसेक्स 380 अंक गिरकर 73,847 के स्तर पर बंद हुआ था।

### अमेरिकी बाजार में 4 फीसदी से ज्यादा गिरावट

अमेरिका का डाउ जोन्स इंडेक्स 1,015 अंक (2.50 फीसदी), नैस्डेक कंपोजिट 738 अंक (4.31 फीसदी) और S&P 500 इंडेक्स 189 अंक (3.46 फीसदी) गिरावट के साथ बंद हुए हैं। एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 4.22 फीसदी (1,460 अंक) गिरकर 33,148 पर है। कोरिया के कोस्पी में 1.15 फीसदी (28 अंक) की गिरावट है, ये 2,416 पर कारोबार कर रहा है। चीन का शंघाई कंपोजिट में 0.14 फीसदी की गिरावट है, ये 3,219 पर कारोबार कर रहा है।



## विनेश फोगाट को 4 करोड़ का नगद ईनाम देगी सरकार

चंडीगढ़, एजेंसी

हरियाणा की राज्य सरकार ने पहलवान से नेता बनीं विनेश फोगाट को ओलंपिक रजत पदक विजेता के बराबर इनाम देने की पेशकश की है, जिसमें उन्हें नौकरी, प्लाट व कैश के विकल्प दिए गए थे अब विनेश ने कैश प्राइज़ लेने का विकल्प चुना है। विनेश को 50 किलोग्राम वर्ग में गोल्ड मेडल मुकाबले से पहले ज्यादा वजन होने की वजह से 2024 पेरिस ओलंपिक से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। तीन बार की ओलंपियन विनेश फोगाट ने भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख बृज भूषण सिंह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था। उन्होंने पिछले साल कांग्रेस के टिकट पर जींद जिले के जुलाना से हरियाणा विधानसभा चुनाव लड़ा था और विधायक बनकर विधानसभा पहुंचीं। हरियाणा सरकार ने अपनी खेल नीति के तहत फोगाट को 4 करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार चुना है। उन्होंने राज्य खेल विभाग को अपने फैसले की जानकारी देने के लिए एक पत्र सौंपा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ऐलान किया था कि हरियाणा मंत्रिमंडल ने खेल नीति के तहत फोगट को ओलंपिक रजत पदक विजेता के बराबर लाभ देने का फैसला किया है।

मुंबई हमले का मास्टरमाइंड

## एनआईए के सेल में कटी राणा की रात, आज से सघन पूछताछ शुरू

नईदिल्ली, एजेंसी

मुंबई आतंकी हमले के साजिशकर्ता तहव्वुर हुसैन राणा को देर रात भारत लाने के बाद आज फिर अदालत में पेश किया जा रहा है। आज राणा से एनआईए की विशेष टीम पूछताछ कर रही है। कल भी देर रात राणा को एनआईए ने विशेष अदालत में पेश किया था। अदालत ने तहव्वुर राणा को 18 दिन की रिमांड पर एनआईए को सौंप दिया है। हालांकि एनआईए ने 20 दिन के कस्टडी के मांग की थी। आतंकी राणा की भारत में पहली रात एनआईए के मुख्यालय के बनी अंदर बनी सेल में कटी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस टीम में एनआईए के वरिष्ठ अधिकारी शामिल किए गए हैं। इससे पहले एनआईए की ओर से जारी बयान में कहा गया था कि उसने 26 नवंबर 2008 के मुंबई आतंकवादी हमले के मुख्य आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा का प्रत्यर्पण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। राणा अमेरिका में न्यायिक हिरासत में था। भारत और अमेरिका के बीच हुई प्रत्यर्पण संधि के तहत उसके प्रत्यर्पण प्रक्रिया शुरू हुई थी। अमेरिका से प्रत्यर्पित राणा को लेकर अमेरिकी गल्फस्ट्रीम जी550 विमान दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर उतरा था। एयरपोर्ट पर राणा (64) को आधिकारिक रूप से गिरफ्तार करने के बाद एनआईए ने पहले उसकी मेडिकल जांच कराई। सरकार की ओर से कोर्ट में वरिष्ठ वकील दयान कृष्णन और विशेष सरकारी वकील नरेंद्र मान पेश हुए। वहीं दिल्ली विधिक सेवा प्राधिकरण के वकील पीयूष सचदेवा आरोपी राणा की ओर से पेश हुए।

## सांसद के 'घर' करणी सेना का जमावड़ा,प्रशासन अलर्ट

**आगरा, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के आगरा में हलचल तेज हो चली है। दरअसल गढ़ी रामी गांव में 12 अप्रैल को करणी सेना के आवाहन पर विशाल जनसभा होनी है। जनसभा में क्षत्रिय सम्मान की बात होगी, साथ ही सपा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा राणा सांगा पर दिए विवादित बयान का पुरजोर तरीके से प्रतिकार किया जाएगा। जनसभा के लिए करीब 50 हजार स्क्वायर मीटर एरिया के खेतों को खाली किया गया है। लोगों को जुटाने के लिये अब कस्बे-कस्बे मीटिंग हो रही हैं। दरअसल, बीते दिनों राणा सांगा पर बयान देने वाले सपा सांसद रामजीलाल सुमन के आगरा स्थित घर पर करणी सेना ने बवाल किया था। करणी सेना ने 12 अप्रैल को राणा सांगा की जयंती पर एक बड़े कार्यक्रम के आयोजन का ऐलान किया है। इसको लेकर पुलिस ने भी कमर कस ली है और वो अलर्ट मोड पर है। दंगा नियंत्रण रिहर्सल भी किया।

## पीथमपुर की फैक्ट्री में भीषण आग, इंदौर से पहुंचे फायर फाइटर

धार, एजेंसी

आज औद्योगिक क्षेत्र पीथमपुर इंडस्ट्रियल एरिया स्थित सिरनेट पाइप कंपनी में आग लग गई है। इसका धुआं करीब 5 किलोमीटर दूर से दिखाई देता रहा। दमकल की 12 गाड़ियां, एसडीआरएफ और तीन थानों की पुलिस मौके पर पहुंची व लपटों पर काबू पाने की कोशिश की जाती रही। जेसीबी की मदद से रेत और मिट्टी की दीवार बनाकर आग को फैलने से रोका जा रहा है आग तड़के लगी। इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। कंपनी प्लास्टिक के पाइप बनाती है। कच्चे माल की वजह से लपटें तेजी से बढ़ीं। वहीं,आग पर काबू करने के लिए रेत के ट्रक मंगाए हैं। इंदौर एयरपोर्ट से भी फायर फाइटर बुलाए गए हैं।

मेट्रो एंकर

हेल्थ ऑफ द नेशन 2025 रिपोर्ट

# एक साइलेंट एपिडेमिक अटैक.. से मच गया कोलाहल!

नईदिल्ली, एजेंसी

कोविड जैसी खतरनाक महामारी का डरावनी यादें अभी पूरी तरह मिटी नहीं हैं कि अब भारत में एक और महामारी दस्तक देती नजर आ रही है। इसको डॉक्टर्स ने 'साइलेंट एपिडेमिक' नाम दिया है। इसका मतलब यह है कि ये एक ऐसी महामारी है, जो चुपचाप भारतीयों को आहत कर रही है। हालांकि इसका नाम बेशक साइलेंट हो लेकिन इसका भारतीय पर असर खतरनाक और तेजी से होने वाला है और इसकी गूंज भी हो रही है। इस महामारी के प्रति चिंता का यह आलम है कि डॉक्टर्स ने इसके खिलाफ बिना देर एक्शन के लिए कहा है। इसके बारे में अपोलो हॉस्पिटल्स द्वारा पेश की गई रिपोर्ट को समझना जरूरी है। हेल्थ ऑफ द नेशन 2025 नामक यह



रिपोर्ट 2.5 मिलियन से ज्यादा हेल्थ चेकअप्स पर आधारित है। इसमें पाया गया कि कई भारतीय ऐसे हैं लंबे समय से कई बीमारियों के साथ रह रहे हैं। उन्हें यह पता भी नहीं है कि वह किसी तरह की बीमारी से पीड़ित हैं। यह हैं-डाइबिटिज,ब्लडप्रेशर और फैटी लिवर। इस रिपोर्ट में सभी भारतीयों को आग्रह किया गया है कि वह सिर्फ शरीर में दिखने वाले लक्षणों का इलाज करने के बजाय कोई भी बीमारी होने से पहले ही रोकने पर ध्यान केंद्रित करें। आंकड़ों के अनुसार, जिन लोगों का हेल्थ चेकअप किया गया था उन लोगों में से 65 प्रतिशत फैटी लीवर से पीड़ित थे। फैटी लीवर से पीड़ित लोगों में से 85 प्रतिशत लोग ऐसे थे, जो शराब नहीं पीते। वहीं 26 प्रतिशत हाई ब्लडप्रेशर पीड़ित निकले और 23 प्रतिशत डायबिटीज से पीड़ित। गौरतलब यह कि सभी में इन बीमारियों के किसी भी तरह के कोई लक्षण नहीं थे। अपोलो हॉस्पिटल्स के चेयरमैन डॉ. प्रताप रेड्डी ने कहा कि बीमारी होने या उसके लक्षण दिखने से पहले ही अपनी हेल्थ का ध्यान रखना आज के जमाने में बहुत जरूरी है। स्कूलों, ऑफिसों और फैमिली दिनचर्या में हेल्थ एजुकेशन को शामिल करने की जरूरत है।


### डिप्रेशन भी तेजी से बढ़ा

रिपोर्ट में कुछ अन्य चिंताजनक आंकड़े भी आए हैं, मसलन मैनोपॉज के बाद की महिलाओं में डायबिटीज 14 प्रतिशत से बढ़कर 40 प्रतिशत हो गया। मोटापा 76 से बढ़कर 86 प्रतिशत और फैटी लीवर 54 प्रतिशत से बढ़कर 70 प्रतिशत हो गया है। कालेज के बच्चों का हेल्थ चेकअप किया गया था उनमें लगभग 3 में से 1 स्टूडेंट मोटापे से ग्रस्त था और 19 प्रतिशत हाई ब्लड प्रेशर जैसी बीमारी होने के करीब था। 47 हजार में से 6 प्रतिशत लोगों में डिप्रेशन के लक्षण थे और कईयों में विटामिन डी की कमी थी।

## तपन बढ़ी...



## शाम को सुकून



भोपाल। दिन में तापमान बढ़ रहा है, तो वहीं दूसरी ओर शाम को तालाब किनारे सुकून मिलता है।

### करोड़ों रुपयों की लागत से बनी सर्विस रोड पर अवैध पार्किंग बनी

# अयोध्या बाइपास रोड पर जगह-जगह अतिक्रमण से चालक हो रहे परेशान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

अयोध्या बाइपास रोड पर रत्नागिरी तिराहे के पास करोड़ों की लागत से बनी सर्विस रोड पर जगह-जगह पर अतिक्रमण पसरा हुआ है और सड़क पूरी तरह से ऑटो और रिक्शा वाहन चालकों की अवैध पार्किंग बनी चुकी है। जिससे सड़क पर आए दिन ट्रैफिक जाम की स्थिति बन रही है। बता दें कि सड़क पर ट्रैफिक जाम होने के चलते रहवासी और राहगीर, वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में जिम्मेदारों की इस अनदेखी का खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। अयोध्या बाइपास रोड पर स्थित रत्नागिरी तिराहे के स्थानीय व्यापारियों ने बताया कि सड़क पर से आवागमन करने में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कभी-कभी तो ट्रैफिक जाम के हालात ऐसे हो जाते हैं कि निजात पाने लोगों को लंबा इंतजार करना पड़ता है। ऐसे में अपातकालीन परिस्थितियों में आगजनी पर काबू पाने फॉयर ब्रिग्रेड और एंबुलेंस को जाम का सामना करना पड़ रहा है। रत्नागिरी तिराहे के पास की



सड़क ऑटो और रिक्शा चालकों की वाहन पार्किंग बन गई है जिसके चलते राहगीर और वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समस्या का जल्द समाधान कराया जाना चाहिए। तिराहे के पास दिनभर ट्रैफिक जाम सी स्थिति बनी रहती है जिसमें कई बार फॉयर ब्रिग्रेड और एंबुलेंस भी जाम में फंस जाती है,ऐसे में जिम्मेदारों को इसे तुरंत संज्ञान लेकर निर्बाध आवागमन सुनिश्चित कराना चाहिए।

### सवारी वाहनों का लगता है जमावड़ा

रहवासियों की मानें तो रत्नागिरी तिराहे से लेकर अयोध्या बाइपास की ओर जाने वाले रोड पर वाहनों की लंबी कतारें लग रही हैं। सवारी वाहन और खासकर किराए के वाहन खड़े किए जा रहे हैं जिससे सड़क काफी संकरी हो जाती है। ऐसे में वाहन चालकों की आवाजाही करने में फजीहत हो रही है। साथ ही सड़क रेत,गिट्टी और ईंटों से जुड़े कारोबारी और लोडिग वाहन खड़े किए जा रहे हैं।

### जिम्मेदारों की सख्ती नहीं

कुछ महीनेभर पहले भी लोडिंग वाहन और बाइक सवार की टक्कर हो गई थी। क्रमोवश ऐसे हादसे रोजाना सामने आते रहते हैं। बावजूद इसके जिम्मेदारों द्वारा अयोध्या बाइपास रोड के बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था को नहीं सुधारा जा रहा है। इसको लेकर ना तो नगर निगम का अतिक्रमण अमला कार्रवाई कर रह है और ना ही ट्रैफिक पुलिस इस पर सख्ती दिखा रही है।

# सिंधी भाषा दिवस पर सिंधी साहित्यकार मूलानी व चोइथानी हुए सम्मानित



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

पूज्य सिंधी पंचायत ने अपने सभागार में सिंधी भाषा दिवस पर सिंधी साहित्यकारों का सम्मान किया। सिंधी साहित्य के लिए उनके कार्यों के प्रति आभार जताया। पंचायत अध्यक्ष माधु चांदवानी ने बताया कि 10 अप्रैल, 1967 के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला, जब भारतीय संसद ने सिंधी भाषा को संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल किया था। उन्होंने इस अवसर पर गर्व व्यक्त किया और सिंधी भाषा को जीवित रखने के लिए पंचायत द्वारा किए गए विभिन्न सांस्कृतिक और पारिवारिक कार्यक्रमों पर जोर दिया। कार्यक्रम में सिंधी साहित्य में उनके योगदान के लिए वरिष्ठ साहित्यकार खीमन यू मूलानी और हास्य कवि व साहित्यकार बल्लू चोइथानी को सम्मानित किया गया। मूलानी ने भाषा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि ÷वही भाषा जीवित रहती है जो अपनी जड़ों से जुड़ी रहती है।÷ उन्होंने विभाजन के बाद सिंधियों द्वारा सामना किए गए विस्थापन और विभिन्न क्षेत्रों में उनकी संस्कृति को अपनाने की चुनौती पर बात की। चोइथानी ने कहा कि यह दिन सिंधी समाज को अपनी जड़ों से जोड़ता है और भाषा और संस्कृति के प्रति गर्व की भावना को बढ़ावा देता है। उन्होंने सिंधी भाषा को बनाए रखने के लिए परिवारों के भीतर इसके उपयोग को प्रोत्साहित किया, खासकर बच्चों के साथ संवाद करते समय, चाहे वे स्कूल में हिंदी या अंग्रेजी बोलते हों। उन्होंने सिंधी भाषा को जीवित रखने के लिए बच्चों को सिंधी सिखाने का संकल्प लेने के महत्व पर जोर दिया।

इस अवसर पर विजय नगर पंचायत के अध्यक्ष कैलाश शर्मा, महासचिव नंद दादलानी, साहित्यकार कन्हैयालाल मोटवानी, हीरो हिन्दू, राज मनवानी, घनश्याम लालवानी, जेठानंद मंगतानी, माधव पारदासानी और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी सिंधी भाषा दिवस पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष जगदीश आसवानी ने किया, जबकि कोषाध्यक्ष गुलाब जेठानी ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर हीरो गनवानी, दयाल दोलतानी, नरेश पेसवानी, मनोहर सतानी, राज कुमार थावानी, बबलू टेकचंदानी, परषोत्तम थावानी, माधु घनश्यानी, प्रेम पठानी, बूलचंद वासवानी, मुरली गुरबानी, वासदेव टिलवानी, भगत घनश्याम सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## हेनीमेन जयंती पर हेब्स का कार्यक्रम



**भोपाल।** होमोपैथी के जनक डॉ हैनिमैन की जयंती के अवसर हैनिमैन एकेडमी ऑफ वाइटल साइंस एंड ह्मेनिटीज द्वारा कल्पना नगर स्थित कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता जी.के . छिब्बर, ने कहा की होम्योपैथी के इलाज पर लोगो का विश्वास बड़ा है ओर इस विधा पर नए अनुसंधान भी हो रहे है इसमें हेब्स संस्था भी सक्रिय है इस संस्था द्वारा निशुल्क जांच शिवीर भी लगाए जा रहे है कोविड के समय भी होमिपेथी ने कई मरीजों को स्वस्थ कर अपनी उपयोगिता सिद्ध की है इस अवसर पर, डॉ ललित जैन, डॉ पी एस श्रीवास्तव ने भी विचार प्रगट किए निशीकांत पाटिल एवम् एम के ओरैया एवम् अन्य गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे।

### साधु वासवानी स्कूल में सिंधी भाषा दिवस मनाया गया

# सिंधीजन भाषा के लिए साझा प्रयास करें : गेहानी

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

किसी भी जाति का अस्तित्व उसकी भाषा और साहित्य पर निर्भर होता है। इसलिए, सिंधी अपनी भाषा और संस्कृति को जिंदा रखने के लिए सिंधी बोली में बोलचाल करें और अपनी भाषा का सम्मान करें। यदि हम अपनी भाषा का सम्मान करेंगे, तो हमारी भाषा लुप्त नहीं होगी। यह विचार वरिष्ठ शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने व्यक्त किए। वे सिंधी भाषा दिवस पर साधु वासवानी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। कार्यक्रम में समाजसेवियों, शिक्षाविदों ने भी अपने विचार रखे। विद्यार्थियों एवं शिक्षिकाओं ने अपनी भावना कविता और गीत के माध्यम से व्यक्त कीं। गेहानी ने कहा कि यह सुकून की बात है कि आज सिंधियत के प्रति काफी जागरूकता आई है। कई जगहों पर सिंधी मेले आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे हमारी भाषा हमेशा जिंदा रहेगी। आज के दिन यह संकल्प लें कि हम सिंधी हैं और अपनी सिंधी भाषा को बढ़ाने का यथासंभव प्रयास करेंगे और घरों में भी सिंधी भाषा का उच्चारण करेंगे।

15त्न परिवारों में ही बोली जाती है सिंधी

सिंधी सेंट्रल पंचायत के महासचिव सुरेश जसवानी कहा कि भाषा का विकास करने के लिए जब तक उसे रोजगार से नहीं जोड़ा जाएगा,



तब तक उसका विकास होना संभव नहीं है। अतः सरकार, सिंधी प्रेमियों और हितैषियों से मेरा निवेदन है कि सिंधी भाषा को रोजगार से जोड़ा जाए, तो अवश्य ही सिंधी भाषा का विकास और उत्थान होगा।

**बच्चों को सिंधी से जोड़ना होगा :** संस्कार स्कूल के सचिव बसंत चेलानी ने कहा कि सिंधी भाषा के उत्थान के लिए हम सभी को प्रयास करना चाहिए, क्योंकि सिंधी सभ्यता, साहित्य और बोली आज पिछड़ती जा रही है। सभी बच्चे सिंधी भाषा को भूल चुके हैं और हिंदी और अंग्रेजी भाषा को अपना रहे हैं। हमें सिंधी भाषा के विकास के लिए कड़े कदम उठाने होंगे।

**सिंधी बोलने में गर्व होना चाहिए :** सिंधी साहित्यकार कवि बल्लू चोइथानी ने कहा कि अपनी मातृभाषा को बोलने में हमें शर्म नहीं, बल्कि गर्व महसूस होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि आजकल के बच्चे घरों में सिंधी नहीं बोलते हैं, जिससे भाषा का अस्तित्व नष्ट हो रहा है। इसलिए, आइए यह संकल्प लें कि सभी अपनी प्यारी भाषा को बचाने का हर संभव प्रयास करेंगे।

**सिंधी वाजे दिल-दिल में:** विद्यालय की छात्रा दिया लालवानी ने कहा कि अगर मातृभाषा जिंदा है, तो कौम भी जिंदा रहेगी। आज सिंधी भाषा लुप्त होती जा रही है। सिंधी भाषा हमारी संस्कृति और सभ्यता से जुड़ी हुई है। छात्रा कोमल ने सिंधी भाषा जो सुर वाजे दिल-दिल में कविता प्रस्तुत की। इस अवसर पर नंद दादलानी, दीपा आहूजा, भावना कलवानी और बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



# अब तीन साल में बनेंगी मप्र में अमेरिका जैसी सड़कें

### अब केंद्रीय मंत्री गडकरी का दावा– तीन साल में मप्र का सड़क नेटवर्क अमेरिका जैसा होगा

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

मप्र में सड़कों को लेकर नेता अलग–अलग दावे कर रहे हैं। एक बार फिर मप्र की सड़कों को अमेरिका से जोड़ा गया है। इस बार केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने दावा किया कि अगले तीन वर्षों में मप्र का सड़क नेटवर्क अमेरिका की तरह होगा। गडकरी ने यह दावा गुरुवार को धार के ग्राम खेड़ा में किया, वे यहां 5800 करोड़ की लागत वाली सड़कों के भूमिपूजन व लोकार्पण के कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे थे। इसके पूर्व शिवराज सिंह चौहान ने मप्र की सड़कों को अमेरिका जैसा बताया था।



## 12 हजार मांगे, 33 हजार करोड़ दिए

सीएम डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के विकास और सिंहस्थ-2028 में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए बड़ी सड़क परियोजनाएं और ओवरब्रिजों की मांग रखी। जिनकी लागत 12 हजार करोड़ से अधिक थी। जिस पर गडकरी ने 33 हजार करोड़ से अधिक की लागत वाली राष्ट्रीय सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी और इनमें से कुछ की डेडलाइन भी तय कर दी।

## 33 हजार करोड़ से ये काम होंगे

- केन्द्रीय सड़क निधि से 12 हजार करोड़ रुपए लागत से 400 किमी लंबाई 6 नई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के काम होंगे।
- 33 हजार करोड़ रुपए की लागत से एनएचएआई द्वारा निर्मित किए जाने वाले 5 नए ग्रीनफील्ड इकॉनामिक कॉरिडोर निर्माण कार्य, रिंग रोड, एलिवेटेड कॉरीडोर, सेतु एवं अन्य निर्माण कार्य होंगे।
- मिसरोद–औबेदुल्लागंज के बीच 19 किमी फोरलेन को 280 करोड़ में 6–लेन किया जाएगा।
- ग्वालियर–भिंड के बीच 96 किमी मार्ग को 3125 करोड़ में फोरलेन करेंगे।
- 1500 करोड़ से 80 किमी सतना–चित्रकुट मार्ग का फोरलेन में उन्नयन।
- बदनावर–थांदला–टिमकवाली के बीच 81 किमी फोरलेन 1900 करोड़ से बनेगा।
- 133 करोड़ का उज्जैन–झालावाड़ फोरलेन मार्ग 2500 करोड़ से बनेगा।
- 77 किमी इंदौर पूर्वी 6–लेन बायपास 3500 करोड़ से बनेगा।

### एक्सटेंशन पर पुलिस की पुरानी डायल–100

# सीएम की फटकार के बाद अफसर नई व्यवस्था लागू करने में जुटे

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

जिस डायल 100 से आम लोग अपराध से बचने के लिए मदद लेते हैं, उसमें दौड़ने वाले वाहन पुराने हो चुके हैं, जो तय समय पर नहीं पहुंचते। तब तक विवाद बढ़ जाते हैं और विवाद काफी बड़े हो जाते हैं। सरकार नई व्यवस्था को मंजूरी दे चुकी है लेकिन पुलिस के अधिकारी उसे लागू करने में समय का पालन नहीं कर पा रहे हैं।

हाल में सीएम डॉ. मोहन यादव की फटकार के बाद पुलिस महकमा डायल 100 के नए वाहनों के लिए नए सिरे से वाहन लेने की प्रक्रिया में तेजी ला रहे है। सीएम ने चेताया है कि मई के अंत तक उक्त व्यवस्था के तहत नई डायल 100 मिल जाने चाहिए।



### ये हो रही फजीहत

– पुराने वाहनों में बार–बार खराबी आ रही।
– ये अपडेट सुविधाओं से लैस नहीं है।
– कई बार तो बैटरी काम नहीं करती, इसलिए कुछ वाहनों में धक्के लगाने पड़ रहे।
– पुलिस के जवानों को भी कई वाहनों से खतरों का अंदेशा, क्योंकि विवाद की स्थिति बढ़ने और पुलिस पर हमले किए जाने जैसी स्थिति से बचने के लिए अपग्रेड वाहन होना जरुरी।

# मप्र में अब इमारती लकड़ी पर नहीं लगेगा जीएसटी

**अपील आयुक्त ने दी वन विकास निगम को राहत**

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

अब इमारती लकड़ी पर जीएसटी नहीं लगेगा। केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर तथा केंद्रीय उत्पाद शुल्क के आयुक्त (अपील) ने माना कि मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम द्वारा विभिन्न सार्वजनिक उपक्रमों को डिपॉजिट वर्क श्रेणी के अंतर्गत वृक्षारोपण जैसे कार्यों के लिए प्रदान की जाने वाली सेवाएं जीएसटी से मुक्त हैं। इसी में इमारती लकड़ी भी आती है, जिस पर अब जीएसटी नहीं लगेगा।



एक आदेश में कहा गया कि यह सेवाएं ऐसी इमारती लकड़ी और अन्य वन उपज से संबंधित हैं जो वन भूमि में पेड़ों की कटाई से प्राप्त होती हैं और रेशा, ईंधन, कच्चा माल तथा इसी प्रकार के उपयोगों के लिए उपयोग में लाई जाती हैं। अपील आयुक्त ने माना कि ऐसी वन उपज जीएसटी कानून के तहत कृषि उपज की श्रेणी में आती है। अपील आयुक्त ने यह भी निर्णय दिया कि वन विभाग से निगम को प्राप्त एजेंसी कमीशन जीएसटी से मुक्त है। चूंकि यह इमारती लकड़ी की बिक्री से संबंधित है जो कि कृषि उपज है। इसके अतिरिक्त, निगम द्वारा इमारती लकड़ी को वन डिपो तक परिवहन करने पर किए गए ढुलाई खर्च को भी रिवर्स चार्ज मैकेनिज्म के तहत जीएसटी से मुक्त माना गया है।

# देशभर के लोग दिल्ली में कल से देखेंगे विक्रमादित्य के शौर्य का मंचन

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

देशभर के लोग दिल्ली के लाल किला परिसर में सम्राट विक्रमादित्य के शासन पर आधारित महानाट्य मंचन को देखेंगे। मप्र सरकार इस आयोजन की तैयारियों को लेकर जुटी है। इसके जरिए देश भर के लोगों को यह बताया जाएगा कि सम्राट विक्रमादित्य ने किस तरह शासन कर उस समय अपनी प्रजा की रक्षा की और उनका भला किया। मोहन सरकार ने इस आयोजन में देशभर की कई प्रमुख हस्तियों को आमंत्रित किया है।

सम्राट विक्रमादित्य ने 2000 साल पहले गणतंत्र की स्थापना की थी। इतिहास के मुताबिक उनकी दानशीलता, वीरता और प्रजा के प्रति अद्भुत संवेदनशीलता थी, उनका शासन काल सुशासन व्यवस्था के कई आदर्श उदाहरण देता है। उनके द्वारा किए नवाचार और काम आज भी प्रासंगिक है।

सरकार सम्राट विक्रमादित्य के विराट व्यक्तित्व को सबके सामने लाने के लिए महानाट्य की कल्पना की है। जब इसका मंचन दिल्ली में होगा तो इसमें हाथी, घो?ें, पालकी के साथ 250 से ज्यादा कलाकार अभिनय करते नजर आएंगे। महानाट्य का मंचन गौरवशाली इतिहास को विश्व के सामने लाने का मध्यप्रदेश सरकार का एक अभिनव प्रयास है। इस कालजयी रचना को सबके सामने रखने में दिल्ली सरकार का भी सहयोग मिल रहा है। इससे पहले हैदराबाद में भी विक्रमादित्य महानाट्य की प्रस्तुति हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि उज्जयिनी के सार्वभौम सम्राट विक्रमादित्य युग परिवर्तन और नवजागरण की एक महत्वपूर्ण धुरी रहे हैं और उनके द्वारा प्रवर्तित विक्रम सम्वत् हमारी एक अत्यंत मूल्यवान धरोहर है। विक्रम सम्वत् हिंदू समाज का महज एक पर्व या नववर्ष भर नहीं है। विक्रम सम्वत् तथा सम्राट विक्रमादित्य भारतवर्ष के गौरव को, मनोबल को और राष्ट्र की चेतना को जागृत करने का एक उपयुक्त अवसर है। उन्होंने विदेशी आक्रांताओं और उपनिवेशवादी इतिहासकारों ने भारत गौरव तथा ज्ञान संपदा के प्रमाणों, साक्ष्यों, स्थापत्यों के सुनियोजित विनाश का अभियान चलाया। उनके द्वारा देश संपदा का विध्वंस किए जाने के प्रमाण लगातार मिलते रहे हैं।

## एमसीयू में प्रतिभा का समापन

**भोपाल।** राजधानी स्थित माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियों के वार्षिक आयोजन प्रतिभा-2025 का समापन गणेश शंकर विद्यार्थी सभागार में हुआ। माखनलाल चतुर्वेदी की जयंती पर शुरू हुए इस आयोजन में विवि के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने अपनी सृजनात्मकता, वक्तृत्व-कौशल और खेल प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

### मप्र रोजगार गारंटी व संगठन के बीच हुआ एमओयू

# जल स्त्रोतों के संरक्षण में मदद करेगा आर्ट ऑफ लिविंग का सहयोगी संगठन

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के जल स्त्रोतों को बचाने के लिए अब आर्ट ऑफ लिविंग का सहयोगी संगठन व्यक्ति विकास केंद्र इंडिया भी मदद करेगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल की पहल पर मप्र रोजगार गारंटी परिषद और उक्त संगठन के बीच एक एमओयू हुआ है। यह संगठन प्रदेश में नदियों के उद्गम क्षेत्रों में वाटरशेड विकास तथा पारंपरिक चंदेला-बुंदेला तालाबों के संरक्षण और पुनरुद्धार के लिए काम करेगा। मंत्री प्रहलाद पटेल ने बताया कि यह एमओयू 'जल गंगा संवर्धन अभियान' को सफल बनाने में सहायक बनेगा।

**यह मदद करेगा संगठन:** जलग्रहण क्षेत्रों में कार्य योजना बनाएगा, वैज्ञानिक प्रशिक्षण देगा, समुदाय आधारित जागरूकता अभियान चलाएगा और जल प्रबंधन को सशक्त करने की दिशा में काम करेगा। व्यक्ति विकास केंद्र इंडिया इसरो सहित अन्य एजेंसियों से प्राप्त रिमोट सेंसिंग डेटा के आधार पर वैज्ञानिक कार्य योजना तैयार की जाएगी। जल संचयन की संभावनाओं को चिन्हित किया जाएगा और इसमें सुधार हेतु तकनीकी सहायता भी दी जाएगी। मनरेगा के अमले को विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (ई-डीपीआर) बनाने में सहयोग प्रदान किया जाएगा। फील्ड डेटा संग्रहण हेतु मोबाइल एप की सुविधा दी जाएगी एवं कार्यों की सतत निगरानी की जाएगी। जल हितधारकों को युवा नेतृत्व प्रशिक्षण, जल चेतना शिविर जैसे कार्यक्रमों से जोड़कर समुदाय-नियंत्रित जल प्रबंधन को बढ़ावा दिया जाएगा।

# संस्कृत और संस्कृति से संस्कार आते हैं

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

राजधानी स्थित रवींद्र भवन के अंजनी सभागार में भारतीय शिक्षण मंडल के स्थापना दिवस समारोह आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी थे। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं मुंबई विश्वविद्यालय के पूर्व कुलगुरु डॉ' सुहास पेडनेकर ने कहा कि हमें विश्व का नेतृत्व करने वाले विकसित भारत का निर्माण करना है। भविष्य को ध्यान में रखते हुए हमें बहुआयामी, ज्ञान, नैतिक मूल्यों और चारित्रिक गुणों से युक्त सकारात्मक युवा नेतृत्व तैयार करने की आवश्यकता है। डॉ. पेडनेकर ने आगे कहा कि हमें भविष्य के लिए ऐसे नैतिक नेतृत्व के निर्माण की आवश्यकता है जो देश के लिए मजबूत, संस्कारवान और मूल्यवान नेतृत्व दे सके। उन्होंने कहा कि संस्कृत और संस्कृति से संस्कार आते हैं। संस्कारों से समृद्धि आनी चाहिए और समृद्धि मूल्य आधारित होना चाहिए। हमारी समृद्धि ऐसी होनी चाहिए जिससे हम समाज को कुछ दे सकें और राष्ट्र का पुनर्निर्माण कर सकें। उन्होंने कहा कि भारतीय मूल्य और भारतीय शिक्षा का क्रियान्वयन हमारी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय मनोहर तिवारी ने कहा कि भारत में ज्ञान की महान परंपरा रही है। देश में आचार्य चाणक्य जैसे महान गुरु और आदि गुरु शंकराचार्य जैसे महान शिष्य इस देश में हुए हैं। पश्चिमी शिक्षा व्यवस्था ने भारत में शिक्षा को केवल नौकरी पाने का माध्यम बना दिया। आज की शिक्षा समाज को आत्मकेंद्रित बना रही है। भारत के ज्ञान को राष्ट्र निर्माण तक ले जाने की यात्रा हमें पूर्ण करना है। विशिष्ट अतिथि डॉ. गोवर्धन दास ने कहा कि अब भारत को विकसित भारत बनाना है। देश के युवाओं पर यह दायित्व है कि वे भारत को श्रेष्ठ बनाने के लिए संकल्पित होकर कार्य करें। कार्यक्रम के अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ भरत शरण सिंह ने कहा कि भारत इस समय परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। 2047 में विकसित भारत बनाना है।




## संपादकीय

# सुधार के सुदृढ संकेत

मौदिक नीति समिति के तीन दिनी मंथन के बाद भारतीय रिजर्व बैंक ने बाजार अनुमानों के मुताबिक रेपो दर में पच्चीस आधार अंक की कटौती कर दी, खास बात यह है कि करीब पांच वर्षों तक तो रेपो दर में कोई कटौती नहीं की गई थी लेकिन अब तीन महीने में ही यह दूसरी बडी कटौती है। इससे पहले फरवरी में पच्चीस आधार अंक की कटौती की गई थी। इससे बाजार में पूंजी का प्रवाह बढ़ने और भवन, वाहन, कारोबार आदि के लिए कर्ज लेने वालों पर ब्याज का बोझ कम होने का रास्ता आसान हो गया है। रिजर्व बैंक यह फैसला इसलिए कर पाया कि इस वक्त अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें काफी नीचे आ गई हैं, गेहूं और दालों का अच्छा उत्पादन हुआ है, खुदरा महंगाई का रुख नीचे की तरफ है। आगे भी महंगाई के नीचे रहने का अनुमान है। जो कि रिजर्व बैंक ने महंगाई चार फीसद पर रहने का अनुमान लगाया है। रिजर्व बैंक का लक्ष्य भी यही था कि महंगाई को चार फीसद के आसपास रखा जा सके। इसलिए अब उसने अपना ध्यान विकास दर पर केंद्रित कर दिया है। फिलहाल विकास दर साढ़े छह फीसद पर रहने का अनुमान है। जिस तरह अमेरिकी शुल्क नीति के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था अनिश्चितताओं के दौर में नजर आ रही थी वह अब इससे भी मुक्त हो गई है क्योंकि अमेरिका ने यह टैरिफ अब स्थगित कर दिया है। तब भी और अब भी भारत के लिए अपना सकल घरेलू उत्पाद बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना जरूरी । इस वक्त अच्छी बात है कि विनिर्माण क्षेत्र में सुधार नजर आ रहा है, जो चिंताजनक स्तर तक गोते लगा चुका था। विनिर्माण क्षेत्र के कमजोर होने का असर सकल घरेलू उत्पाद पर पड़ता है। यह क्षेत्र इसलिए कमजोर पड़ा हुआ था कि महंगाई आम लोगों की सहनशक्ति से ऊपर चली गई थी और उन्होंने अपने दैनिक उपभोग में कटौती करनी शुरू कर दी थी। अब महंगाई घटी है, तो स्वाभाविक रूप से उपभोग का स्तर उठेगा, जिससे विनिर्माण क्षेत्र को बल मिलेगा रेपो दर कम होने से ब्याज दरों में कमी आती है। इसका लाभ कर्ज लेने वालों को तो मिलता है, पर बचत खाते में पैसा जमा कराने वालों को नुकसान होता है।जिनके पास पूंजी अधिक है, वे लंबी अवधि योजनाओं में जमा कर अधिक ब्याज का लाभ ले सकते हैं। सबसे अधिक राहत वाहन, भवन, कारोबार आदि के लिए कर्ज लेने वालों को महसूस होती है, पर बैंक चूंकि लंबे समय से कारोबारी शिथिलता से जूझ रहे हैं, इसलिये वे रेपो दर में पच्चीस आधार की कटौती का लाभ तुरंत अपने ग्राहकों को देना शुरू कर देंगे, कहना अभी तो मुश्किल लग रहा है। इस वक्त जिस तरह विश्व बाजार में अनिश्चितता बनी हुई है, निर्यात में और कमी आने की चिंता बढ़ गई है। पहले ही निर्यात के मामले में संतोषजनक वृद्धि नहीं हो पा रही थी, कई देशों के साथ व्यापार घाटा चिंताजनक दर से बढ़ रहा था, उसमें घरेलू बाजार को मजबूत करने पर बल देना होगा। रिजर्व बैंक का कहना है कि बाजार में अतिरिक्त पूंजी प्रवाह बढ़ाया जाएगा, इससे विनिर्माण क्षेत्र को बल मिलेगा, मगर खपत बढ़ाना फिर भी बड़ी चुनौती रहेगी। रेपो दर में कटौती का लाभ इस बात पर निर्भर रहेगा कि घरेलू बाजार कितना मजबूत होता है। दरअसल, देश में बेरोजगारी की दर पर काबू पाने और प्रतिव्यक्ति आय में बढ़ोतरी के साधन ठोस रूप से विकसित नहीं हो पा रहे हैं, लिहाजा केवल रेपो दर में कटौती से समग्र आर्थिक बेहतरी का दावा करना मुश्किल बना रहेगा।

**निरुद्देश्य जीवन जीना अकाल मृत्यु के समान है।**
**- गेटे**

## आज का इतिहास

- 1919: अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की स्थापना।
- 1921: रेडियो पर खेलों की पहली लाइव कमेंट्री का प्रसारण।
- 1930: ऋषिकेश में इस्पात के तारों से बना 124 मीटर झूलने वाला पुल जनता के लिए खोला गया। इसे लक्ष्मण झूला नाम दिया गया।
- 1964: भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी दो हिस्सों में विभाजित।
- 1970 : अमेरिका का अपोलो 13 अंतरिक्ष यान चंद्र अभियान पर रवाना।
- 1976 : स्टीव वाजनेक का बनाया पहला एप्पल-1 कंप्यूटर जारी।
- 1983 : बेन किंग्सले की फिल्म गांधी को आस्कर अवार्ड।
- 1999: फिलीपींस सरकार की एक स्कूल गोद लो की अनोखी घोषणा।
- 1999 : अग्नि 2 प्रक्षेपास्त्र ने उड़ान भरी।
- 2002: चीन में मैच (फुटबाल) फिक्सिंग के आरोप में रेफरी गिरफ्तार।
- 2003: पाकिस्तान ने 12वीं बार शारजाह कप जीता।
- 2004: इस्लामाबाद में भारत के प्रख्यात गायक सोनू निगम के कार्यक्रम स्थल के पास एक कार में बम विस्फोट।
- 2008: भारत में सरकारी कर्मचारियों के विरोध को देखते हुए केंद्र सरकार ने छठे वेतन आयोग की समीक्षा के लिए सचिवों की उच्चस्तरीय समिति गठित करने की घोषणा की।
- 2008: स्वीडन में वैज्ञानिकों ने आठ हजार वर्ष पुराने वृक्ष की खोज की।
- 2010 : पोलैंड के राष्ट्रपति लेख काजिंस्की की विमान दुर्घटना में मृत्यु।

## महावीर स्वामी के दोहे

**वर्धमान महावीर को, सौ-सौ बार प्रणाम**
**जैन धर्म का कर सृजन, रचे नवल आयाम**
**तीर्थंकर भगवान ने, फैलाया आलोक**
**परे कर दिया विश्व से, पल में सारा शोक ।**
**महावीर ने जीतकर, मन के सारे भाव।**
**जीत इंद्रियाँ पा लिया, संयम का नव ताव ।**
**कुंडग्राम का वह युवा, बना धर्म दिनमान**
**रीति-नीति को दे गया, वह इक चोखी आन**
**वर्धमान साधक बने, और जगत का मान।**
**जैनधर्म के ज्ञान से, किया मनुज-कल्याण।।**
**पंच महाव्रत धारकर, दिया जगत को सार।**
**करुणा, शुचिता भेंटकर, हमको सौंपा प्यार।।**
**जैन धर्म तो दिव्य है, सिखा रहा सत्कर्म।**
**धार अहिंसा हम रखें, कोमलता का मर्म।।**
**तीर्थंकर चोखे सदा, धर्म प्रवर्तक संत।**
**अपने युग से कर गए, अधम काम का अंत ।।**
**मातु त्रिशला धन्य हैं, दिया अनोखा लाल।**
**जो करके ही गया, सच में बहुत कमाल ।।**
**आओ ! हम सत् मार्ग के, बनें पथिक अति खूब।**
**मानवता की खोज में, जाएँ हम सब डूब**

**-विशाल रजक**

# स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में असमानता व भारत की सेहत का आईना

**■ जयसिंह रावत**

हर वर्ष सात अप्रैल को जब विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है, तो यह अवसर केवल औपचारिकता नहीं होना चाहिए, बल्कि यह आत्ममंथन का दिन होना चाहिए। विशेष रूप से भारत जैसे देश के लिए जहां स्वास्थ्य सेवाएं आज भी बहुसंख्यक आबादी के लिए दुर्लभ और असमान हैं। एक ओर चमकते शहरों में आधुनिक अस्पताल हैं, तो दूसरी ओर करोड़ों गरीब नागरिक ऐसे हैं जो बुनियादी चिकित्सा सुविधा तक नहीं पहुंच पाते। भारत में स्वास्थ्य आज भी एक सेवा नहीं, संघर्ष है- गरीबी, कुपोषण, असमानता और उपेक्षा से जूझते लोगों के लिए यह दिवस एक चेतावनी है कि विकास की दौड़ में पीछे छूट गए लोगों की सेहत की सुध लेना अब टालना संभव नहीं।भारत ने पिछले कुछ दशकों में स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई उपलब्धियां हासिल की हैं। पोलियो उन्मूलन, कोविड-19 के दौरान टीकाकरण अभियान और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं के जरिए सरकार ने सार्वजनिक स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है। लेकिन ये सफलता की कहानियां केवल कहानी बन कर न रह जाएं, इसके लिए जरूरी है कि हम आंकड़ों की तह में जाकर असलियत को देखें।भारत का कुल स्वास्थ्य बजट 2024-25 में सकल घरेलू उत्पाद (GDP) का केवल 2.1 प्रतिशत है, जबकि डब्ल्यूएचओ का मानक न्यूनतम 5 प्रतिशत है। यह बजट अपेक्षाकृत कम है, खासकर तब जब हम देखते हैं कि भारत में एक बड़े हिस्से को अभी भी बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। गांवों में तो सरकारी अस्पताल अक्सर डॉक्टर, दवा और उपकरणों के अभाव में सिर्फ इमारत बनकर रह जाते हैं।

भारत में स्वास्थ्य और गरीबी का संबंध इतना गहरा है कि अक्सर ये दोनों एक-दूसरे को जन्म देते हैं। जो लोग गरीब हैं, उन्हें पौष्टिक भोजन नहीं मिलता, वे अस्वच्छ माहौल में रहते हैं और चिकित्सा सुविधाओं तक उनकी पहुंच सीमित रहती है। जब वे बीमार पड़ते हैं, तो उनकी कमाई का बड़ा हिस्सा इलाज में चला जाता है, जिससे वे और गरीब हो जाते हैं। यह एक चक्रव्यूह है, जिससे निकलना आसान नहीं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (NFHS-5) के अनुसार, भारत की लगभग 35 प्रतिशत जनसंख्या अब भी कुपोषण से ग्रस्त है और बालकों में स्टंटिंग (लंबाई कम होना) और वेस्टिंग (वजन कम होना) जैसी समस्याएं आम हैं। इस कुपोषण का सीधा संबंध गरीबी से है, जो स्वास्थ्य सेवाओं की कमी के साथ मिलकर एक भयावह तस्वीर प्रस्तुत करता है। भारत ने बाल मृत्यु दर में कमी लाने के प्रयास किए हैं, लेकिन अब भी यह दर कई विकसित देशों की तुलना में बहुत अधिक है। NFHS-5 के अनुसार, भारत में प्रति 1000 जीवित जन्मों पर 28 शिशुओं की मृत्यु हो जाती है। मातृ मृत्यु दर भी चिंताजनक है—हर 100,000 जन्मों पर 97 महिलाओं की मृत्यु होती है, जो बताता है कि गर्भावस्था और प्रसव भारत में अब भी जोखिमपूर्ण अनुभव है। इसका मुख्य कारण है- स्वास्थ्य केंद्रों की कमी, प्रसव पूर्व देखभाल का अभाव, प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों की उपलब्धता में कमी और समाज में महिला स्वास्थ्य के प्रति उपेक्षा। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और भी भयावह है जहां महिलाएं अक्सर बिना किसी चिकित्सीय मदद के घर पर ही प्रसव करने को मजबूर होती हैं। भारत की स्वास्थ्य सेवाओं में सबसे बड़ा अंतर शहरी और ग्रामीण इलाकों के बीच है। शहरों में निजी अस्पतालों की भरमार है, जो महंगे हैं, लेकिन आधुनिक सुविधाओं से लैस हैं। वहीं गांवों में सरकारी अस्पताल भी दूर-दराज हैं और वहां योग्य डॉक्टरों की भारी कमी है। ग्रामीण भारत की लगभग 70 प्रतिशत आबादी केवल 30 प्रतिशत डॉक्टरों पर निर्भर है। यही नहीं, भारत में प्रति 1000 लोगों पर केवल 0.8 डॉक्टर उपलब्ध हैं, जबकि WHO का मानक 1:1000 है।

> **भारत का कुल स्वास्थ्य बजट 2024-25 में सकल घरेलू उत्पाद (GDP) का केवल 2.1 प्रतिशत है, जबकि WHO का मानक न्यूनतम 5 प्रतिशत है। यह बजट अपेक्षाकृत कम है, खासकर तब जब हम देखते हैं कि भारत में एक बड़े हिस्से को अभी भी बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल रही हैं।**



स्वास्थ्य सेवाएं कितनी सुलभ हैं, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि भारत में केवल 30 प्रतिशत लोग ही किसी न किसी प्रकार के स्वास्थ्य बीमा से कवर हैं। बाकी लोग बीमारी की स्थिति में जेब से खर्च करने को मजबूर होते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में हर साल लगभग 6 करोड़ लोग सिर्फ इलाज पर खर्च के चलते गरीबी रेखा के नीचे चले जाते हैं। सरकार की आयुष्मान भारत योजना एक बड़ी पहल है, लेकिन जमीनी स्तर पर इसके लाभार्थियों को लेकर पारदर्शिता, अस्पतालों की भागीदारी और धोखाधड़ी की शिकायतें भी देखने को मिलती हैं। यह सवाल हर भारतीय को खुद से पूछना चाहिए। अगर यह दिवस केवल भाषण, रंगोली प्रतियोगिता और सेमिनारों तक सीमित रह गया, तो यह एक खोखली परंपरा बनकर रह जाएगा। लेकिन अगर इस दिन को स्वास्थ्य नीति पर पुनर्विचार, बजट में वृद्धि, और गरीबों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतरी की दिशा में उठाया गया कदम बना दिया जाए- तो इसका असल महत्व सिद्ध होगा। यह दिवस एक अवसर है याद दिलाने का कि स्वास्थ्य कोई विलासिता नहीं, बल्कि मौलिक अधिकार है। भारत जैसे देश के लिए यह अवसर है सामाजिक विषमता के खिलाफ आवाज उठाने का, और एक ऐसे तंत्र को विकसित करने का जहां स्वास्थ्य सुविधा जाति, धर्म, वर्ग या क्षेत्र के आधार पर नहीं, बल्कि मानवता के आधार पर उपलब्ध हो।

भारत एक युवा देश है, लेकिन अगर उसकी युवा शक्ति कुपोषण, मानसिक तनाव, और स्वास्थ्य सेवाओं की कमी से जूझती रहेगी, तो यह जनसंख्या बोझ बन जाएगी। हमें याद रखना चाहिए कि केवल आर्थिक विकास, बुलेट ट्रेन या स्मार्ट सिटी नहीं, बल्कि एक स्वस्थ नागरिक ही किसी देश की असली ताकत होता है। इस विश्व स्वास्थ्य दिवस पर हमें सिर्फ जागरूक होने की नहीं, जवाबदेही तय करने की जरूरत है- सरकार, समाज और स्वयं अपनी भी। क्योंकि जब तक भारत का आखिरी नागरिक भी स्वस्थ नहीं होगा, तब तक हम सच्चे अर्थों में एक विकसित राष्ट्र नहीं बन सकते।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## कृषि में एआई और आईओटी

# स्मार्ट खेती खोलती किसान के बेहतर भविष्य की राह

**■ डॉ. मनु मिश्रा**

भारत को दुनिया में कृषि प्रधान देश के रूप में जाना जाता है। जो खेती से अपनी विशाल आबादी की खाद्य आवश्यकताएं पूरी करता है। लेकिन देश में खेती करने वाले किसानों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल, जलवायु परिवर्तन, मिट्टी की गुणवत्ता में गिरावट और संसाधनों की सीमित उपलब्धता के चलते कृषि व्यवसाय को समस्याग्रस्त बना दिया है। ऐसे में खेती से जुड़े कार्यों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) का इस्तेमाल कृषि क्षेत्र में एक नई क्रांति ला सकते हैं। इन तकनीकों के उपयोग से किसानों को खेती के तरीकों को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी, उनकी पैदावार भी बढ़ सकेगी और लागत भी कम होगी।खेती में आईओटी तकनीक की मदद से खेतों में विभिन्न सेंसर लगाए जा सकते हैं, जो पहले बताई गई समस्याओं का समाधान करते हैं। ये सेंसर मिट्टी की नमी, तापमान, पीएच स्तर और पोषक तत्वों (एनपीके) की मात्रा को मापते हैं। सेंसर से प्राप्त रियल-टाइम डेटा एआई मॉडल में जाएगा, जिसके जरिये किसान को जानकारी मिल सकेगी कि मिट्टी की स्थिति कैसी है और फसल को पानी या खाद की जरूरत कब है। इससे किसान फसल की सेहत को बेहतर समझ सकते हैं और समय पर उसे सही पोषण दे सकते हैं। इसी तरह एआई और आईओटी के जरिए सिंचाई को भी ऑटोमेटेड किया जा सकता है। सेंसर से प्राप्त डेटा के आधार पर तय किया सकता है कि खेत में कब और कितनी मात्रा में पानी देना है। इससे जल की बर्बादी रुकती है और फसल को जरूरत मुताबिक पानी मिलता है।



> **देश में कृषि क्षेत्र कई समस्याओं से जूझ रहा है। इनमें लागतें लगातार बढ़ना व पैदावार घटती जाना प्रमुख चुनौती है। ऐसे में एआई और आईओटी तकनीकों का इस्तेमाल कारगर हो रहा है। इसमें खेती को लाभकारी व्यवसाय बनाने व किसान के लिए पर्याप्त आय सुनिश्चित करने की क्षमता है।**

तकनीक के प्रयोग से फसलों में लगने वाले रोगों और कीटों का प्रबंधन अब पहले से आसान हो गया है। पहले किसान तब तक इंतजार करते थे जब तक कि बीमारी पूरी फसल को नुकसान न पहुंचा दे। लेकिन अब एआई आधारित मोबाइल एप जैसे प्लांटिक्स और एग्रीबोट ने इस समस्या का समाधान कर दिया है। किसान फसल की फोटो अपलोड करते हैं, और ये ऐप तुरंत बीमारी का पता लगाकर उसका इलाज सुझाते हैं। इससे तुरंत समस्या के बारे में जानकारी मिलती है और समय पर इलाज संभव है।एआई और आईओटी तकनीकों की मदद से किसान मिट्टी की गुणवत्ता की जानकारी के आधार पर तय कर सकते हैं कि कौनसी फसल लगाना ज्यादा लाभदायक होगा। मशीन लर्निंग मॉडल्स मिट्टी के पोषक तत्वों और जलवायु परिस्थितियों के आधार पर किसान को सुझाव दे सकते हैं कि कौन-सी फसल लगाने से उत्पादन अधिक होगा और कौन-सी फसल से मुनाफा ज्यादा होगा। एआई की मदद से मौसम की भविष्यवाणी भी की जा सकती है। इससे किसान पता लगा सकेंगे कि कब बारिश होगी, कब सूखा पड़ सकता है या कब ठंड पड़ेगी। इस जानकारी के आधार पर फसल की बुआई, कटाई और सिंचाई का सही समय तय कर सकते हैं। मौसम के सटीक पूर्वानुमान के चलते किसान प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान को कम कर सकते हैं। आजकल कृषि में ड्रोन तकनीक का भी उपयोग बढ़ रहा है। ड्रोन की मदद से खेतों की निगरानी की जा सकती है। एआई-आधारित इमेज प्रोसेसिंग तकनीक का उपयोग कर किसान जान सकते हैं कि किस हिस्से में बीमारी फैली है या किन क्षेत्रों में अधिक खाद-पानी आदि चाहिये। ड्रोन का उपयोग कीटनाशकों और उर्वरकों के छिड़काव के लिए भी किया जा सकता है, जिससे समय और श्रम दोनों की बचत होती है। एआई और आईओटी तकनीकों को कृषि में सफलतापूर्वक लागू करने के लिए सरकार और निजी कंपनियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। पीएम-किसान योजना के तहत किसानों को वित्तीय सहायता दी जा रही है। इसके अलावा, माइक्रोसॉफ्ट और आईबीएम जैसी कंपनियां भी किसानों के लिए एआई-आधारित समाधान विकसित कर रही हैं। मसलन, आईबीएम ने वेदर कंपनी के जरिये किसानों को मौसम की सटीक जानकारी देने का काम किया है।

हालांकि एआई और आईओटी खेती के क्षेत्र में बड़े बदलाव ला सकते हैं, लेकिन अब भी कई चुनौतियां बनी हुई हैं। छोटे किसानों की स्मार्टफोन और इंटरनेट तक सीमित पहुंच है। इसके अलावा, एआई और आईओटी आधारित उपकरणों की शुरुआती लागत काफी ज्यादा है, जो छोटे और सीमांत किसानों के लिए बड़ी बाधा बन सकती है। वहीं नई तकनीकों को अपनाने के लिए प्रशिक्षण और तकनीकी ज्ञान की भी आवश्यकता होगी, जो वर्तमान में कई किसानों के लिए उपलब्ध नहीं है। साथ ही, ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट कनेक्टिविटी और बिजली की समस्या भी एआई और आईओटी के प्रभावी क्रियान्वयन में बाधा बन सकती है। उनके लिए सब्सिडी, कम लागत वाले सेंसर और मुफ्त इंटरनेट कनेक्टिविटी की सुविधा प्रदान किये जाने की जरूरत है। इससे छोटे किसान भी आधुनिक तकनीकों का लाभ उठा सकेंगे। पूरी तरह से एआई और आईओटी को कृषि में लागू करने के लिए समय, धन और सही रणनीति की आवश्यकता होगी। इसके लिए सब्सिडी, प्रशिक्षण कार्यक्रम और तकनीकी सहायता जैसे उपाय अपनाए जा सकते हैं, ताकि हर किसान इन नवीन तकनीकों का लाभ उठा सके और देश की कृषि उत्पादकता में इजाफा हो।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**



# प्राचीन हनुमान मंदिर में अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ आज से शनिवार को तिवारी बहनों की भजन संध्या का होगा आयोजन

**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

चक्क स्वरूप नगर वार्ड नंबर 13 स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर पर शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। हनुमान जन्मोत्सव की पूर्व बेला पर शुक्रवार 11 अप्रैल को मंदिर में संगीतमय अखंड रामायण पाठ प्रारंभ होगा जिसकी पूर्णाहुति हवन और भंडारे के साथ शनिवार को की जाएगी। हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर भोपाल से आ रही तिवारी बहनों के द्वारा शाम को मंदिर परिसर में बने भव्य मंच से एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। शनिवार शाम 4 बजे हनुमान ध्वज यात्रा निकाली जाएगी जो कि नौलखी मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए चक्क स्वरूप नगर हनुमान मंदिर पर समापन होगा।

मंदिर के पुजारी पंडित मनोज शर्मा ने बताया कि गंगा गार्डन स्थित हनुमान मंदिर काफी प्राचीन है जो कि करीब 800 साल से स्थापित है। मंदिर में महीने की हर पूर्णिमा को संगीत कलाकारों द्वारा भजन संध्या आयोजित की जाती है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हनुमान जी महाराज का जन्मोत्सव भक्तों द्वारा धूमधाम से मनाने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मील रोड़ से लेकर मंदिर तक जाने वाली गली रंग बिरंगी लाइट झालर से सजाई गई है। मंदिर परिसर के अंदर फूलों की गैलरी बनाकर विशेष सजावट की है। जन्मोत्सव के मौके पर संगीतमय अखंड रामायण पाठ के अलावा भजन संध्या का आयोजन भी रखा गया है जिसमें भोपाल (नजीराबाद) से आ रहीं श्रद्धा एवं श्रेया तिवारी बहनों के अलावा नगर के भजन गायक अनिल झा द्वारा हनुमान जी के एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए जाएंगे। शुक्रवार प्रातः 8 से रामायण का अखंड पाठ प्रारंभ हो जाएगा जिसकी शनिवार को हवन, अनुष्ठान के साथ पूर्णाहुति होगी। जन्मोत्सव के मौके पर शनिवार को प्रातःकाल तड़के हनुमान जी को चोला अर्पित कर विशेष श्रृंगार और विधि विधान के साथ उनका पूजन किया जाएगा। जबकि शाम 7 बजे से मंदिर परिसर में संगीतमय भजन संध्या प्रारंभ होगी।

### गाजे बाजे के साथ निकलेगी हनुमान ध्वज यात्रा

शनिवार को शाम 4 बजे स्टेशन रोड़ स्थित नौलखी मंदिर से हनुमान भक्तों द्वारा ध्वज यात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली जाएगी जो की मुख्य मार्गों से होते हुए चक्क स्वरूप नगर स्थित हनुमान मंदिर पहुंचेगी। ध्वज यात्रा में भजन मंडली के अलावा हनुमान जी की झांकी भी शामिल रहेगी। मंदिर के पुजारी मनोज शर्मा ने सनातन प्रेमियों और हनुमान भक्तों से हनुमान जन्मोत्सव पर आयोजित सभी कार्यक्रमों में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

---

### एसडीएम टी प्रतीक राव की पहल पर निशुल्क कोडिंग शिक्षा की शुरूआत हुई

# डिजिटल सशक्तिकरण और समावेशी शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

- छात्र ललित यादव ने टीसीएस और कर्नाटक सरकार द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

डिजिटल सशक्तिकरण और समावेशी शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, इटारसी के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं दंडाधिकारी टी. प्रतीक राव (आई.ए.एस) ने कोड़योगी संगठन के सहयोग से जुलाई 2024 में सरकारी स्कूलों के छात्रों के लिए निःशुल्क कोडिंग शिक्षा पहल की शुरुआत की थी।

इस पहल का उद्देश्य उन छात्रों को कोडिंग के आवश्यक कौशल प्रदान करना है जो तकनीकी संसाधनों से वंचित हैं। कोडयोगी की तकनीकी टीम के नेतृत्व में यह कार्यक्रम छात्रों को प्रोग्रामिंग की मूल बातें और व्यावहारिक प्रशिक्षण देता है, जिससे वे कम उम्र में ही तकनीक की दुनिया से जुड़ सकें और भविष्य की संभावनाओं के लिए खुद को तैयार कर सकें।

इस पहल की विशेष उपलब्धि के रूप में, ललित नामक एक छात्र, जो इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग ले रहा है, ने हाल ही में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज



(टीसीएस) और कर्नाटक सरकार द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित एक प्रतिष्ठित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त किया। यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि अवसर और मार्गदर्शन मिलने पर सरकारी स्कूलों के छात्र भी राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं।

कार्यक्रम की एक अनोखी विशेषता यह है कि छात्र अब अपने मोबाइल फोन पर भी कोडिंग सीख सकते हैं, और वह भी हिंदी भाषा में। इससे यह सुनिश्चित होता है कि तकनीकी ज्ञान भाषा की बाधा में न उलझे और अधिक से अधिक छात्र अपनी मातृभाषा में सहजता से सीख सकें।

कार्यक्रम की शुरुआत से अब तक इटारसी उपमंडल से 1,400 से अधिक छात्रों ने इसमें भाग ले चुके है। यह भारी भागीदारी दर्शाती है कि ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों के छात्रों में भी तकनीकी शिक्षा के प्रति गहरी रुचि और उत्साह है।

यह कार्यक्रम एसडीएम टी. प्रतीक राव की दूरदर्शी सोच और समर्पण का परिणाम है, जिन्होंने सदैव ग्रामीण शिक्षा और आधुनिक कौशल विकास के बीच की दूरी को पाटने के प्रयास किए हैं। उनकी सक्रिय भागीदारी, संसाधनों की व्यवस्था और साझेदारों को एक मंच पर लाने में निभाई गई भूमिका ने इस पहल को सफल बनाने में अहम योगदान दिया है।

छात्र ललित यादव की उपलब्धि पर एसडीएम टी. प्रतीक राव ने इस अवसर पर कहा हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर छात्र को समान अवसर मिले, चाहे वह किसी भी सामाजिक या आर्थिक पृष्ठभूमि से आता हो। कोडयोगी और हमारे स्थानीय भागीदार एलकेजी ग्रुप के सहयोग से हम छात्रों के लिए एक उज्ज्वल और तकनीक-समर्थ भविष्य के द्वार खोल रहे हैं। हमारा मानना है कि डिजिटल साक्षरता आज के समय में विशेषाधिकार नहीं बल्कि एक बुनियादी अधिकार है, और हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि कोई भी छात्र संसाधनों के अभाव में पीछे न रह जाए। यह पहल केवल शुरुआत है-हम इसका विस्तार करते हुए एक ऐसा युवा वर्ग तैयार करना चाहते हैं जो डिजिटल रूप से सशक्त और भविष्य के लिए पूरी तरह तैयार हो। राकेश सहगल, सह-संस्थापक, कोड्योगी, ने कहाः कोड़योगी का उद्देश्य शिक्षा और उद्योग की मांगों के बीच की दूरी को पाटना है। हम मानते हैं कि प्रतिभा हर कोने में है-उसे केवल सही दिशा और उपकरणों की ज़रूरत है। इस पहल के माध्यम से हम छात्रों को केवल कोडर नहीं, बल्कि आत्मविश्वासी और समस्या-समाधान में दक्ष भविष्य के लीडर के रूप में विकसित करना चाहते हैं। ललित जैसी सफलता यह साबित करती है कि यदि अवसर दिया जाए, तो ये छात्र कहीं भी पहुंच सकते हैं। इस पहल को सहयोग देने हेतु स्थानीय फर्म एलकेजी ग्रुप ने सभी छात्रों को मुफ्त कीबोर्ड और माउस प्रदान किए हैं, जिससे छात्रों को व्यावहारिक रूप से कोडिंग सीखने में सुविधा मिली और उनकी तकनीकी यात्रा और भी सुगम हो गई।

---

### जल संगोष्ठी के माध्यम से जल संरक्षण का लिया संकल्प

# ग्राम सिमारा में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत हुआ आयोजन



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में प्रकृति एवं जल संरक्षण को समर्पित जल गंगा संवर्धन अभियान (30 मार्च से 30 जून 2025) के अंतर्गत ग्राम पंचायत आदर्श ग्राम सिमारा (सेक्टर क्रमांक 4) में जल संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में ग्रामीणों ने जल संरक्षण एवं जल संरचनाओं के पुनरुद्धार का संकल्प लेते हुए अभियान को वृहद स्तर पर संचालित करने की प्रतिबद्धता जताई।

इस अवसर पर विकासखण्ड समन्वयक दयाशंकर उमरे एवं सरपंच प्रतिनिधि राधेलाल रघुवंशी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें मिलकर पानी की एक-एक बूंद को बचाना होगा, तभी यह अभियान सफल हो पाएगा।

नवांकुर संस्था मंजू महिला शिक्षा एवं कल्याण समिति के प्रतिनिधि आशीष शर्मा ने अपने संबोधन में संभावित जल संकट, जल की उपलब्धता एवं समाधान विषय पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने गांव का पानी गांव में, खेत का पानी खेत में के मंत्र के साथ जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु सभी ग्रामीणों से सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

इस अवसर पर ग्राम सिमारा में जन सूचना केंद्र एवं वाचनालय का शुभारंभ भी किया गया, जिसका संचालन राधेलाल रघुवंशी के नेतृत्व में किया जाएगा। समन्वयक श्री उमरे ने स्मृति स्वरूप श्री रघुवंशी को गीता दैनंदिनी भेंट की।

इस संगोष्ठी में ग्राम पंचायत सचिव प्रकाश पटेल, ग्रामीण रोज़गार सहायक बृजेश कुमार प्रजापति, सुखराम कुशवाहा (आदर्श नर्सरी, सिमारा), ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

---

### 47 वां लेवल-IV प्रशिक्षण कार्यक्रम...

# 37 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा, 12 तक चलेगा प्रशिक्षण, रेशम के बारे में दी जानकारी

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

भारत सरकार सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबन्ध संस्थान मंत्रालय नई दिल्ली के 37 अधिकारी दिनांक 10 अप्रैल 2025 से 12 अप्रैल 2025 की अवधि में भ्रमण हेतु पचमढी पधारे है। अधिकारियों के प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में सभी के लिए व्यवस्थाएं कराई गई।

साक्षात्कार संस्थान संस्थान, नई दिल्ली कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार के तहत एक प्रमुख प्रशिक्षण संस्थान ने केंद्र सरकार, राज्य सरकार, संवैधानिक निकायों, स्वायत्त निकायों और जनता के अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान कराया जा रहा है। संस्थान वर्तमान में भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में काम करने वाले प्रमुख निजी सचिवों (पीपीएस) के लिए यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया है।

ये अधिकारी मध्य प्रदेश में 09 अप्रैल 2025 से 13 अप्रैल 2025 तक भोपाल, सांची और पचमढी को कवर करते हुए अध्ययन दौरे पर हैं। यह दौरा मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड के माध्यम से आयोजित किया गया है। यह इन अधिकारियों के लिए यह भृमण एक



समृद्ध अनुभव होगा, अगर उनके पास संगठनों में गतिविधियों के बारे में उचित ब्रीफिंग के साथ क्षेत्र में काम करने वाले सरकारी /गैर-सरकारी संगठनों का दौरा करने का अवसर है। आज दिनाँक को प्रशिक्षण के दौरान रेशम केन्द्र का दौरा किया गया। जिसमें सभी को रेशम केन्द्र अधिकारी द्वारा केंद्र में उत्पादित रेशम की उत्पादकता के बारे में जानकारी दी गई, साथ ही रेशम के प्रकार ओर उसकी क्वालिटी की जानकारी दी गई और रेशम के खेतों में भी सभी को भ्रमण कराया गया।

---

### अज्ञात लोगों ने नरवाई में लगाई आग, एसडीएम ने जांच के दिये निर्देश, अब होगी कार्यवाही

# अधिवक्ताओं की जल गई कालीन, निजी दुकानदार के पौधे जले पक्षी मवेशी भी आये आग की चपेट में

**विशाल रजक तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

गर्मियों में आग लगाना सबसे बड़ी परेशानी है इसपर अंकुश लगाने के लिए जिला कलेक्टर ने निर्देश भी जारी किये हैं कि कोई नरवाई में आग नहीं लगायेगा किंतु उसके बाद भी जगह जगह आग लग रही है

गुरुवार को तेंदूखेड़ा तहसील के पीछे लगे खेतों की नरवाई में किसी ने आग लगा दी जो कुछ ही समय में चारों ओर फैल गई आग लगाने से कई तरह के नुकसान हुऐ। जानकारी लगते ही तेंदूखेड़ा एस डी एम सौरभ गंधर्व नायब तहसीलदार चंद्रशेखर शिल्पी मौके पर पहुंचे एसडीएम ने अधिवक्ताओं से चर्चा की और बाद में पूरा निरीक्षण करने के बाद तेंदुखेडा आरआई करनसीग ठाकुर को निर्देश दिए कि आग से जो नुकसान हुआ है उसका पूरा पंचनामा बनाए साथ ही नायब तहसीलदार को निर्देश दिए कि जिन किसानों की खेती है उन सभी को नोटिस काटकर जवाब लिया जाये।

### ये हुआ नुक्सान

तहसील परिषद के पीछे खेती लगी हुई है उपज की कटाई के बाद खेतों में नरवाई लगी थी जो निजी किसानों की हैं किसी ने आज सुबह दस बजे के करीब उसमें आग लगा दी आग लगाने के बाद आनंद सोनी की निजी भूमि पर बनी दुकान के चारों और आग फैल गई उनके द्वारा लगाये गये दर्जनों पौधों आग की तेज लाफ्टो में जलकर राख हो गये इसी तरह तहसील के पीछे बैठने वाले



अधिवक्ता धूप से बचने हरे रंग की कालीन लगाए थे आग की लपटों में वह जल गई जानकारी लगने पर कुछ अधिवक्ता पहुंचे उन्होंने अपनी सामग्री को दूर करके बचाया आग लगाने के बाद तहसील की सीमा में पौधा रोपण हुआ था वह भी जलकर राख हो गये कुछ मवेशी भी आग की चपेट में आ गये जब एसडीएम ने आग लगने की जांच पड़ताल कर रहे थे उसी समय कुछ पक्षी भी उनको जले दिखे जिसपर एसडीएम ने नाराजगी व्यक्त की और उन लोगों पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश नायब तहसीलदार को दिए जिनके दुबारा नरवाई में आग लगाई गई है

### गेहूं के फसल में लगी आग

तेंदुखेडा तहसील के अधीन पौड़ी ग्राम आता है यह बुधवार को भारत गौड़ किसान के खेत में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई जिस समय आग लगी किसान की पूरी फसल खेत में लगी थी आग की लपेट देख किसान परिवार के सदस्यों के साथ खेत पहुंचा लेकिन उससे पहले काफी फसल आग की चपेट में आ चुकी थी आग कैसे लगी क्या कारण था इसकी अभी तक पुष्टि नहीं हो पाई है मगर आग लगने से किसानों को लाखों का नुक्सान हो गया है।

---

**मेट्रो एंकर** भगवान महावीर जन्म महोत्सव पर नगर में निकला भव्य चल समारोह

# चल समारोह में बच्चों ने सजाई सुंदर झांकिया, समारोह दिव्य घोष हुआ गुंजायमान

**गंज बासौदा, दोपहर मेट्रो**

भगवान महावीर स्वामी की जन्म जयंती पर भव्य चल समारोह का आयोजन किया गया। जो कि भगवान महावीर विहार से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए स्थानीय श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पारसपुरम् धूसरपुरा पहुंचा। चल समारोह में सबसे आगे ऐरावत हाथी फिर अष्ट प्रातिहार्य चल रहे थे। पीछे पीछे नगर के सभी जिनालयों की पाठशालाओं के बच्चों द्वारा तैयार की गई सुंदर सुंदर झांकी चल रही थी। जो कि अलग अलग उद्देश्य को लेकर तैयार की गई थी। झांकियों के बाद नगर के



सेवादल अपने अपने दिव्य घोष के साथ चल समारोह को गुंजायमान कर रहे थे। अभय सेना के सदस्य पारंपरिक वेशभूषा को धारण कर देश की मूल परंपरा को दर्शा रहे थे। महिला मंडल भी अपने अपने ड्रेस कोड के साथ अपनी प्रस्तुतियां दे रही थीं। भजन की धुन पर युवा नृत्य करते और धर्म ध्वजा के साथ नारे लगाते नजर आ रहे थे। वही युवाओं की टोली के पीछे चांदी के विमान में विराजमान भगवान महावीर स्वामी चल समारोह की शोभा बढ़ा रहे थे। आयोजन स्थल पर उपस्थित श्रद्धालुओं के समक्ष भगवान के मस्तक पर अभिषेक एवं शांतिधारा की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, नगर पालिका उपाध्यक्ष संदीप ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य गायत्री नरेंद्र रघुवंशी भाजपा नेता पिंकू शर्मा सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे। सकल जैन समाज के प्रतिनिधि मंडल ने भगवान महावीर स्वामी के जन्म जयंती पर नगर के मुख्य चौराहे जय स्तंभ चौक पर मिष्ठान वितरण किया।

### महावीर भगवान की भव्य शोभा यात्रा में जगह जगह उतारी गई आरती

**तेंदूखेड़ा।** गुरूवार को 24 वें तीर्थंकर 1008 भगवान श्री महावीर स्वामी का जन्मोत्सव बड़ी धूम-धाम से मनाया गया। सुबह से सकल जैन समाज के लोग नगर के भगवान पार्षनाथ जिनालय एवं भगवान शांतिनाथ जिनालय में भगवान महावीर जी की शांतिधारा, अभिषेक, पूजन-अर्चन किया गया। इसके बादं भगवान श्रीजी की पालकी सजा कर बड़ी धूम धाम से बैंड बाजों, डीजें के साथ भगवान महावीर जी की शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में माताएं, बहिने, बच्चे, बूढ़े सभी भगवान महावीर के जयकारे लगाते हुए चल रहे थें। साथ ही जगह जगह जैन परिवारो के द्वारा अपने अपने घरों के सामने रंगोलिया सजा कर भगवान महावीर स्वामी की आरती उतार कर पूजन अर्चन किया। शोभायात्रा मुख्य मार्गों से होते हुए शांतिनाथ जैन मंदिर पहुची जहां पर विधिवत पूजन किया गया। इसके बाद पुनः शोभा यात्रा मंदिर जी पहुंची जहां पर अभिषेक पूजन हुआ। संध्या काल में दीपो से भगवान महावीर जी की महा आरती की गई। भगवान का पालना भी झुलाया गया। साथ ही अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन किया गया।



### तीन सत्रों में हुआ सक्रिय सदस्य का विधानसभा स्तरीय सम्मेलन

# कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति और नीति से कराया अवगत

सिरोंज, दोपहर मेट्रो

गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय सदस्यों का विधानसभा सम्मेलन आयोजित हुआ। सम्मेलन में सक्रिय सदस्यों को प्रदेश संगठन द्वारा तय विषयों पर वक्तों ने अपने विचार व्यक्त किए कुल 4 शास्त्र हुए वहीं चैथे समापन सत्र को विधायक उमाकांत शर्मा ने संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं से उन्होंने कहा कि संगठन की आधारभूत मजबूती के लिए हम सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी संगठन की रीति नीति तथा सरकार की कार्य उपलब्धि से आम जनता को सतत अवगत कराते रहना होगा। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश संगठन द्वारा आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि आगामी 14 अप्रैल को सामाजिक समरसता का संदेश देते हुए डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती को प्रत्येक मतदान केंद्र एवं मंडल केंद्र पर संगोष्ठी कर मानना है। भाजपा ने सदैव संविधान के निर्माता डॉ अंबेडकर जी को मान सम्मान दिया है जबकि कांग्रेस ने उनका तथा उनके विचारों का अपमान किया है। उन्होंने देश के संविधान में तीसरी बार हो रहे वक्फ संशोधन बिल पर संस्थाओं से प्रस्ताव पास कर राष्ट्रपति को भेजे जाने की बात कही तथा बैठक में उक्त बिल पर कार्यकर्ताओं के मौजूद कार्यकर्ताओं के माध्यम से सामूहिक रूप से सहमति प्रदान की। उन्होंने सरकार की उपलब्धियों पर बात करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की जनकल्याणकारी योजनाओं के





वितरण में कोई भेद नहीं है वह समाज के सभी वर्गों के कल्याण में समानता के साथ संचालित हो रही है। इसके पूर्व विधायक शर्मा ने बैठक में अपेक्षित विधानसभा के मंडल वार अपेक्षित कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ली। तथा बूथ इकाई,त्रिदेव,शक्ति केंद्र तथा मंडल रचना एवं श्रेणीश संगठन के कोर ग्रुप की जानकारी प्रदान की। समापन सत्र की अध्यक्षता पूर्व मंडल अध्यक्ष हरीबाबू भार्गव ने की।

इसके पूर्व संगठन के कार्यकर्ता सम्मेलन का शुभारंभ सागर जिले के प्रभारी तथा अध्यक्षता कर रहे नारायण दास साहू ने भारत माता,डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया।

द्वितीय सत्र के वक्ता भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री मुकेश तिवारी तथा अध्यक्षता माधवी माथुर ने एवं तृतीय सत्र के वक्ता लक्ष्मण सिंह बघेल ने एवं अध्यक्षता लटेरी के पूर्व मंडल अध्यक्ष भारत सिंह राजपूत ने की। बैठक का संचालन जितेंद्र बघेल ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विधानसभा संयोजक कैलाश शर्मा,रमेश यादव, लटेरी मंडल अध्यक्ष राम गुलाम राजौरिया,आनंदपुर के मंडल अध्यक्ष सीताराम कुशवाहा पारस तारण आदि मौजूद थे।

श्याम सुंदर शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि 6 अप्रैल 1980 से प्रारंभ हुई भारतीय जनता पार्टी संगठन की यात्रा को शून्य से शिखर तक पहुंचाने में हमारी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने कड़ा संघर्ष किया है। हमारे नेताओं ने भाजपा संगठन के माध्यम से राजनैतिक सुचिता और भारत के प्रतिमानों को स्थापित करने के लिए सामाजिक आंदोलनों के माध्यम से आम जनता को जागरूक करने का काम किया। जिसकी बदौलत पहले हमने प्रदेशों में ओर फिर केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकारें स्थापित की। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के कल्याण ओए एकात्म मानववाद के मंत्र पर हमारी सरकारें आज समाज के चहुमुंखी विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। आज पूरे देश में बूथ केंद्र इकाई तक हमारे कार्यकर्ताओं की लंबी फौज हैं। हमारे संगठन के घोषणा पत्र में देश की जनता से जो वादे किए गए उनको पूरा करने में हमारी सरकारें खरी उतरी हैं। प्रभु श्री राम का मंदिर निर्माण तथा कश्मीर से धारा 370 को हटाना इसके जीवंत उदाहरण है।

मुकेश तिवारी ने कहा कि देश में सत्तर सालों तक कांग्रेस ने राज किया लेकिन उन्होंने सरकार को केवल भोग विलास का साधन मात्र माना जिसका असर यह हुआ कि देश ओर प्रदेश विकास की दृष्टि से पिछड़े हुए हो रहे। भारतीय जनता पार्टी ने अपने वैचारिक अधिष्ठान दीनदयाल जी की विचारधारा प काम करते हुए आम जनता के हित में काम करना प्रारंभ किया। आज देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शाशनकाल में देश के नागरिकों में आत्मविश्वास और स्वाभिमान की भावना जागृत हुई है। प्रत्येक क्षेत्र के सुदूर अंचलों के नागरिकों को भी सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है। किसानों की प्रगति हुई है सिंचाई का रकबा बढ़ा है। आज भारत वैश्विक पटल पर पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है और जल्द ही हम विश्व की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनेंगे।

लक्ष्मण सिंह ने संबोधित करते हुए कहा की नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश को सशक्त नेतृत्व प्रदान किया है आज हमारे देश ने साइंस, टेक्नालॉजी तथा आर्थिक, सामरिक क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की हैं आज हमारी पांच मिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन गई है आज चांद के दक्षिणी ध्रुव पर झंडा स्थापित कारण वाला भारत विश्व का पहला देश बन गया है। मोदी जी ने पीएम बनकर सबसे पहले पड़ोसी देश की शह पर आतंकवाद की आग में जल रहे कश्मीर से धारा 370 हटाकर वहां के नवयुवकों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया है। शक्तिशाली भारत के निर्माण में आज चहुंओर विकास के कामों की इबारत लिखी जा रही है। डिजिटल इंडिया के माध्यम से जनधन खातों से 50 करोड़ खाते खुलवाकर देश को जनता को सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ दिया गया है शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों की सड़को में भी आमूलचूल परिवर्तन आज हमको देखने को मिलता है। युवाओं को रोजगार के हित में 97 हजार से अधिक नए स्टार्टअप प्रारंभ किए हैं।

# कलेक्टर ने पीएम जन मन आवास का किया अवलोकन हितग्राही से संवाद भी किया



सिरोंज, दोपहर मेट्रो



विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायत पुरागुंसाई में प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के तहत हितग्राही द्वारा बनाए जा रहे आवास का अवलोकन कर लाभांवित हितग्राही हिम्मत पिता बसंत सहरिया से संवाद कर आवास स्वीकृति, बनाने तथा अन्य किन-किन योजनाओं का लाभ मिल रहा है इत्यादि की जानकारी प्राप्त की।

हितग्राही ने बताया कि उन्हें अब तक प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन प्राप्त नहीं हुआ है शेष अन्य दस योजनाओं का लाभ मिल रहा है। कलेक्टर ने मौके पर मौजूद सहायक आपूर्ति अधिकारी को निर्देश दिए है कि हितग्राही को प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन प्रदाय करने की प्रक्रिया शीघ्रतिशीघ्र संपादित कर गृह प्रवेश के पूर्व गैस कनेक्शन दिलाना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने ग्राम पुरागुंसाई में भ्रमण के दौरान सहरिया बाहुल्य बस्ती में पहुंचकर बच्चों से बडी तन्मयता से चर्चा कर उनकी शिक्षा का आंकलन किया वहीं स्कूल के माध्यम से मिलने वाली योजनाओं, के हितलाभ व गुरूजनों की उपस्थिति और अध्यापन कार्यो के पूछताछ की है। बच्चों के हाजिर जबाव मिलने पर उन्हें टाफियां प्रदाय कर पुरस्कृत किया है।

## कृष्ण मोहन अग्रवाल को कोर्ट ने किया बरी

**सिरोंज।** नगर सिरोंज के चर्चित सनसनीखेज मामले में अभियुक्त कृष्ण मोहन अग्रवाल उर्फ गुड्डू अग्रवाल संचालक भरत बैयर हाउस सिरोंज को न्यायालय ने धारा 420,409 द.प्र.स. में आज दिनांक 08.04.2025 को दोष मुक्त किया। अभियोजन अधिकारी मनीष वर्मा से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस थाना सिरोंज के अपराध क्रमांक 145/2015 में किसानो द्वारा इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई गई के वेयर हाउस में रखी उनकी उपज लगभग 7000 क्विंटल को संचालक कृष्ण मोहन अग्रवाल ने खुर्द बुर्द कर अमानत में खयानत कर दी और उनकी कृषि उपज उनको वापस नहीं दी है,, इस इस प्रकरण में अभियोजन द्वारा विवेचना अधिकारी सहित 52 साक्षीयों की साक्ष्य न्यायालय में अंकित कराई गई। परंतु न्यायालय ने उक्त प्रकरण में यह आदेश पारित करते हुए की अभियोजन उक्त प्रकरण को संदेह से परे साबित करने में असफल रहा, और संदेह का लाभ देते हुए आरोपी दोष मुक्त किया जाता हैं। उक्त प्रकरण में आरोपी कृष्ण मोहन अग्रवाल और गुड्डू भैया की ओर से पैरवी सचिन शर्मा एडवोकेट एवं अख्तर खान एडवोकेट ने की।

# आबकारी विभाग ने अवैध मंदिरा के साथ एक आरोपी को किया गिरफतार

सिरोंज, दोपहर मेट्रो



आबकारी विभाग ने मुखबिर की सूचना पर अवैध रूप से शराब को ले जाते हुए एक आरोपी गिरफ्तार किया है। उक्त कार्रवाई विभाग ने कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी विनय रंगशाही के मार्गदर्शन में आबकारी उप निरीक्षक संजय इव्ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम कचनारिया से ओम प्रकाश कुर्मी पिता हलकुराम के रिहायशी मकान की विधिवत रूप से तलाशी लेने पर चार थेले में भरे कुल 307 पाव (55.26 ठन) अवैध देसी प्लेन मदिरा बरामद की गई। इसके बाद आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)क, 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध करके मामले को विवेचना में लिया है तथा न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जब्तशुदा मदिरा का बाजार मूल्य 23025ध् रुपये अकी गई। उक्त कार्यवाही में आबकारी उप निरीक्षक संजय इवने, आबकारी आरक्षक मनोज नामदेव, एवम नीरज रघुवंशी की भूमिका रही।

## आंगनवाडी केन्द्रों के समय में परिवर्तन, कलेक्टर ने जारी किया आदेश, अब सुबह 7.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक मौजूद रहेंगे

**सिरोंज।** विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने जिले में ग्रीष्मकालीन मौसम में तापमान में हुई हो रही वृद्धि के फलस्वरूप आंगनवाडी केन्द्रों के बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर ना पड़े को ध्यानगत रखते हुये आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन समयावधि में परिवर्तन करने का आदेश जारी कर दिया है। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह द्वारा जारी आदेश का हवाला देते हुए विभाग के कार्यक्रम अधिकारी द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी तदनुसार आंगनवाडी केन्द्र की सेवाओं का समय प्रात: 07.30 बजे से 12.00 बजे तक आंशिक परिवर्तन किया गया है। जारी उक्त आदेश 30 जून 2025 तक की अवधि तक प्रभावशाली रहेगा। जबकि आंगनवाडी कार्यकर्ता/सहायिका आंगनवाडी केन्द्रों में उक्तानुसार प्रात: 7 बजे उपस्थित होकर दोपहर 2.30 बजे तक विभागीय गतिविधियों का कियान्ययन सुनिश्चित करेगी। आंगनबाड़ी केन्द्र में गतिविधियों का संचालन पूर्व की समय-सारणी की गतिविधियों अनुसार किया जावेगा।

### तारादेही थाना क्षेत्र के बिलतरा ग्राम का मामला

# मछली मारने के दौरान करंट लगने से युवक की मौत

**तेंदूखेड़ा!** बुधवार को तारादेही थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बिलतरा गांव के एक युवक की करंट लगने से मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार बहादुर पिता रामदास गौड़ उम्र 44 वर्ष निवासी बिलतरा थाना तारादेही जो कि बुधवार को ग्राम के बाहर से निकली व्यारमा नदी में मछली मारने गया था जहां पर नदी किनारे फैली डोरी की चपेट में आने से युवक को करंट लग गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई घटना की सूचना अन्य लोगों द्वारा परिजनों और तारादेही पुलिस को दी गई जहां मौके पुलिस की मौजूदगी में मृतक का पंचनामा कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम कराया गया और शव परिजनों के सुपुर्द किया गया पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही

# सिरोंज में जिला समन्वयक पूजा बधेया ने वैगमति नदी की सफाई कर जल गंगा संवर्धन अभियान को गति प्रदान की

सिरोंज, दोपहर मेट्रो



जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक पूजा बधेया ने बुधवार को श्रमदान कर वैगमति नदी साफ सफाई की। उन्होंने परिषद से जुड़े परामर्शदाताओं नवांकुर संस्थाओं और ग्रामीण जन के साथ श्रमदान कर जल गंगा अभियान को गति प्रदान की। साथ ही उन्होंने गांव में स्थित नदी तालाब, कुआं, बावड़ी आदि जलस्त्रोतों के आस पास साफ सफाई रखने और उन्हें संरक्षित करने लोगों को प्रेरित किया।

श्री मति बधेया दोपहर 3 बजे विकास खण्ड समन्वयक चरण सिंह दांगी के साथ परिषद के सेक्टर गरेठा पहुंची। जहां उन्होंने गांव में जल गंगा अभियान को गति प्रदान करने को लेकर परिषद से जुड़े परामर्शदाता, सीएमसीएलडीपी विद्यार्थी नवांकुर संस्थाओं एवं ग्रामीणों की बैठक आयोजित की। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे आस पास उपलब्ध जल स्त्रोतों की उपेक्षा और उनकी अनदेखी की वजह से भूमिगत जल स्तर घटता जा रहा है। नदी तालाब कुआं बावड़ी सूख रहे हैं। इसका परिणाम भी हमें दिखने लगा है। सहजता से नि:शुल्क उपलब्ध होने वाला पानी भी अब दबाई की तरह बिकने लगा है। अब निशित रूप से कल तभी होगा जब जल होगा। इस लिए अब हमें जल स्त्रोतों को सहजने ओर उनके संरक्षण का काम करना ही होगा। जिसमें जन अभियान परिषद द्वारा चयनित संस्था कचनारिया ग्राम विकास शिक्षण समिति सिरोंज, जनकल्याण समाज सेवा समिति गरेठा, जय मां सेवा समिति प्यारखेड़ी, प्रस्फुटन समिति कोरवासा, समिति कादरपुर, समिति गरेठा, समिति कचनारिया, बांसखेड़ी गूगल, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेता क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र, सभी परामर्शदाता, जिला समन्वयक जन अभियान परिषद, विकासखंड समन्वयक जन अभियान परिषद उपस्थित रहे।

वैगमती नदी की साफ सफाई कर किया श्रमदान- बैठक के उपरांत जन अभियान परिषद से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता ग्रामीणों के साथ प्यारखेड़ी गांव में स्थित वैगमती नदी के तट पर पहुंचे। जहां वैगमती नदी में पसरी बटेरा घांस की कार्यकर्ताओं ने हशियों से कटाई करके उसे साफ किया। जिससे अब यहां पानी की तलाश में भटक रही मवेशी को प्यास बुझाने सरलता से पानी उपलब्ध हो सकेगा। वैगमती नदी तट पर जिला समन्वयक पूजा बधेया, विकासखंड समन्वयक चरण सिंह दांगी, परामर्शदाता दिनेश शाक्य, नरेंद्र दांगी, इंदर रघुवंशी, कृष्ण चंद्र पटेल, नवांकुर प्रभारी रामचरण कुर्मी, किशोर कुर्मी, देवेंद्र विश्वकर्मा, प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष रतनलाल साहू, धर्मराज शर्मा, चंद्रेश कुर्मी, सुनील शाक्य, रामकृष्ण कुर्मी, अंकेश पटेल एवं ग्रामीण जन ने श्रमदान किया। वहीं इस दौरान परामर्शदाता नरेंद्र दांगी ने श्रमदान दल को जल संरक्षण की शपथ भी कराई गई।

**मेट्रो एंकर**

### ग्राम दिनारी में सामुदायिक भवन का हुआ भूमिपूजन

# राज्यमंत्री धमेन्द्र सिंह लोधी ने ग्राम समदई में आंगनबाड़ी केन्द्र का किया लोकार्पण

विशाल रजक तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो

प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने दमोह जिले की जबेरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम समदई में आंगनबाड़ी केन्द्र का लोकार्पण एवं दिनारी में सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल खासतौर पर मौजूद थी।

राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुये कहा ग्राम समदई में 11लाख 50 हजार रूपये की राशि से बनने वाले आंगनवाड़ी भवन का लोकार्पण और ग्राम दिनारी में 15 लाख रूपये की राशि से बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमि पूजन का कार्य किया गया है। दिनारी गांव के लोगों की बहुत समय से मांग थी और उसमें हैंडपंप की मांग थी जिसे भी पूरा करवा दिया गया है। गांव के लोगों ने यहाँ पर पंचेश्वर धाम में बाउंड्री वॉल की मांग की है जिसे भी पूरा किया गया है। जल्द ही बाउंड्री वॉल का काम भी प्रारंभ



किया जायेगा। राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह ने कहा सरकार की बहुत सारी योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को मिल रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव जी को धन्यवाद भी दे रहे हैं कि बहुत अच्छा शासन चल रहा है। किसानों का गेहूं भी इस साल 2600 रूपये क्विंटल में लिया जा रहा है, जिससे किसान भी सुखी है। उन्होंने कहा धान की खेती जिन किसान भाईयों ने की है, उनको एक हेक्टेयर पर 4000 रूपये का बोनस भी सरकार देने वाली है, तो निश्चित रूप से किसान के लिए बहुत अच्छी योजना सरकार की चल रही है।


जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल ने कहा जबेरा विधानसभा के ग्राम समदई में राज्यमंत्री जी के साथ समदई गांव में आंगनवाड़ी केंद्र का उद्घाटन किया। आंगनवाड़ी केंद्र के माध्यम से बच्चों के साथ माँ की देखभाल होती है, जिससे माँ और बच्चा हष्ट पुष्ट, स्वस्थ्य पैदा हो, क्योंकि यह एक ऐसा केंद्र होता है जहाँ से बच्चों की देखरेख, पोषण आहार, टीकाकरण आदि होता है, टीके के माध्यम से बच्चे का जन्म स्वस्थ्य होता है उसमें माँ भी स्वस्थ्य होती है। उन्होंने कहा बहुत अच्छा कार्यक्रम किया गया है, यहाँ ग्राम दिनारी में सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया गया है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पटेल ने कहा गरीब और मध्यम परिवार के लोग अपने बच्चों की शादी विवाह करना चाहें तो वह बड़े-बड़े शादी हॉल से नहीं कर पाते हैं, परंतु सामुदायिक भवन के माध्यम से आसानी से कर सकते हैं और कम खर्चे में कर सकते हैं। उन्होंने कहा मंत्री जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूँ की उनके माध्यम से क्षेत्र में विकास की गंगा बह रही हैं। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता, बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

### आईपीएल: चेन्नई के लिए लगातार 4 हार का सिलसिला तोड़ना जरूरी

# आज 'सीएसके' के लिए करो या मरो मैच, धोनी संभालेंगे कप्तानी

**चेन्नई, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में आज चेन्नई सुपरकिंग्स का सामना कोलकाता नाइटराइडर्स से होगा। सीजन का 25वां मैच चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में शाम 7.30 बजे से खेला जाएगा।एमएस धोनी एक बार फिर चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी करते नजर आएंगे। टीम के कप्तान ऋतुराज गायकवाड इंजरी के कारण आईपीएल के 18वें सीजन से बाहर हो गए। सीएसके के नाम अपने पांच मैचों में एक जीत और चार हार हैं, चारों हार पिछले चार मैचों में आई। दूसरी ओर, चयक्रपॉइंट्स टेबल में थोड़ी बेहतर स्थिति में है। अपने पांच मैचों में दो जीत और तीन हार के साथ तीन बार की चैंपियन टेबल में छठे नंबर पर हैं।

## कोलकाता पर चेन्नई भारी

आईपीएल में दोनों टीमों के बीच अब तक 31 मैच खेले गए। इनमें चेन्नई ने 20 और कोलकाता ने 11 मैच जीते। चेन्नई में दोनों के बीच 11 मैच खेले गए। ष्ट्स्य ने 8 और चयक्रने 3 जीते। रचिन रवींद्र टीम के टॉप स्कोरर है। उन्होंने 5 मैचों में कुल 145 रन बनाए हैं। उन्होंने सीजन के पहले मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 65 रनों की नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली थी। उनके बाद दूसरे स्थान पर ऋतुराज गायकवाड ने टीम के लिए 5 मैचों में कुल 122 रन बनाए हैं। गेंदबाज नूर अहमद सीजन के टॉप विकेट टेकर हैं, उनके नाम 11 विकेट हैं।

## चक्रवती ने कोलकता के लिए ज्यादा विकेट

अजिंक्य रहाणे केकेआर के टॉप स्कोरर हैं। उन्होंने 5 मैचों में 184 रन बनाए हैं। रहाणे ने पहले मैच में ऋष्क्के खिलाफ 56 और लखनऊ के खिलाफ 61 रन की अर्धशतकीय पारी खेली थी। गेंदबाजी में वरुण चक्रवती ने 5 मैचों में 6 विकेट झटके हैं। वे चयक्रके टॉप विकेट टेकर हैं। चेन्नई के ऋचिदंबरम स्टेडियम की पिच स्पिनर्स के लिए मददगार साबित होती आई है। यहां बैटिंग करना थोड़ा मुश्किल होता है। यहां अब तक कुल 88 आईपीएल मैच खेले गए। 51 मैच पहले बैटिंग करने वाली और 37 मैच चेज करने वाली टीमों ने जीते हैं। आज चेन्नई का मौसम काफी गर्म रहेगा। पूरे दिन तेज धूप रहेगी, बीच-बीच में बादल भी रहेंगे। बारिश की 25त्न आशंका है। तापमान 29 से 38 डिग्री सेल्सियस रहने की उम्मीद है।

## दोनों टीमों की पॉसिबल प्लेइंग-12

चेन्नई सुपर किंग्स-एमएस धोनी (विकेटकीपर और कप्तान), डेवोन कॉन्वे, रचिन रवींद्र, विजय शंकर, रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, मुकेश चौधरी, नूर अहमद, मथीश पथिराना, खलील अहमद, शिवम दुबे, शेख रशीद।

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), सुनील नरेन, क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), वेंकटेश अय्यर, रिंकू सिंह, रमनदीप सिंह, आंद्रे रसल, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती, मोईन अली, वैभव अरोरा, अंगकृष रघुवंशी।

# स्कॉटलैंड के पूर्व धावक टॉम 30 साल एथलेटिक्स से दूर रहने के बाद वापसी कर रहे

**नईदिल्ली, एजेंसी**

1986 में यूरोपियन चैंपियनशिप में सेबेस्टियन को और स्टीव क्रैम जैसे दिग्गजों को पीछे छोड़कर चैंपियन बनने वाले वाले पूर्व धावक टॉम मैककेन 30 सालों से गुमनामी की जिंदगी जी रहे थे। लेकिन अब उन्होंने फिर एथलेटिक्स में वापसी करने का फैसला किया है। 61 वर्षीय टॉम युवा प्रतिभाओं को कोचिंग देंगे और उनकी काबिलियत को निखारेंगे। उन्होंने कहा कि इतने लंबे अर्से बाद एकबार फिर एथलेटिक्स में कदम रखना उनके लिए आसान नहीं था, लेकिन वे इस चुनौती का भी सामना करेंगे और युवाओं के साथ अपना अनुभव बांटना चाहेंगे।



**युवाओं के सपने पूरे करना चाहता हूं:** टॉम ने कहा, स्कॉटलैंड पुलिस ने मुझे रिटायर होने के बाद फिर वापस बुलाया लेकिन मैंने कहा नहीं, अब मैं अपना जीवन खेल में बिताना चाहता हूं। एक कोच के तौर पर मैं युवाओं के सपने पूरे करने में उनकी मदद करना चाहता हूं।

**एथलेटिक्स छोड़कर की पुलिस में नौकरी:** एथलेटिक्स छोड़ने के बाद टॉम वापस स्कॉटलैंड आ गए और उन्होंने यहां पुलिसफोर्स ज्वाइन कर ली। सालों तक पुलिस की नौकरी करने के बाद वे 2022 में रिटायर हुए।

**पत्नी के कारण की खेलों में वापसी:** टॉम ने कहा, पुलिस की नौकरी से रिटायर होने के बाद मैं पत्नी संग मदरवेल एसी में रहने लगा। एक दिन मैं पत्नी के साथ दौड़ रहा था, तब उसने मुझसे कहा कि तुम खेलों में वापसी क्यों नहीं करते हो। तुम्हे कोचिंग करनी चाहिए और अनुभव युवा एथलीटों के साथ बांटना चाहिए। इसके बाद मैं स्कॉटिश एथलेटिक्स अकादमी के साथ जुड़ा।

# यूएफा चैंपियंस लीग फुटबॉल : क्वार्टर फाइनल का पहला लेग 3-0 से जीता

### चैंपियन रियाल मैड्रिड की 12 साल बाद सबसे बड़ी हार, आर्सेनल ने दी शिकस्त

**लंदन, एजेंसी**

आर्सेनल ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए मंगलवार रात यहां यूएफा चैंपियंस लीग फुटबॉल के क्वार्टरफाइनल मुकाबले के पहले लेग में मौजूदा चैंपियन रियाल मैड्रिड को 3-0 से करारी शिकस्त दी। रियाल मैड्रिड को इस टूर्नामेंट के नॉकआउट मुकाबले में 2012-13 के बाद सबसे बड़ी हार का सामना करना पड़ा है। इससे पहले, डोर्टमंड ने उसे सेमीफाइनल में 4-1 से हराया था। अब सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए रियाल मैड्रिड को दूसरे लेग में बड़ी जीत दर्ज करनी होगी। रियाल मैड्रिड यूएफा चैंपियंस लीग के इस सीजन कुल पांच मैच हारी है और ऐसा 24 साल बाद हुआ है।



### बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप-शानदार प्रदर्शन रहा

# पीवी सिंधू-किरेन जॉर्ज ने जीत के साथ अभियान आगे बढ़ाया




**निंगबो (चीन). एजेंसी**

भारत की स्टार महिला बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने यहां एशिया चैंपियनशिप के अंतिम-16 में प्रवेश किया। उन्होंने राउंड-32 में इंडोनेशिया की खिलाड़ी ईस्टर वारडोयो को 21-15, 21-19 से मात दी। पुरुष एकल में किरेन जॉर्ज ने भी अंतिम-32 राउंड में जीत दर्ज की और कजाकिस्तान के दिमित्री पानारिन को 21-16, 21-08 से शिकस्त दी। लेकिन अनुभवी खिलाड़ी एचएच प्रणय ने निराश किया। उन्हें चीन के ल्यू गुआनझू के खिलाफ 16-21, 21-12, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा।

**इन्हें मिली हार:** महिला वर्ग के राउंड-32 में मालविका बंसोड़ को चीन की एफ गाओ ने 21-14, 21-8 से हराया। अनुपमा उपाध्याय को थाइलैंड की रत्चानोक से मात मिली।

### निशानेबाजी: भारत के खाते में चौथा स्वर्ण पदक

# विजयवीर सिद्धू ने 25मी रैपिड फायर पिस्टल में जीता गोल्ड



**ब्यूनस आयर्स (अर्जेंटीना). एजेंसी**

भारत के शीर्ष पुरुष निशानेबाज विजयवीर सिद्धू ने मंगलवार रात को यहां खेले जा रहे आइएसएसएफ वर्ल्ड कप शूटिंग टूर्नामेंट में अपनी बादशाहत कायम की। उन्होंने 25मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक पर निशाना साधा। उन्होंने फाइनल में कुल 29 का स्कोर किया। हालांकि भारतीय निशानेबाज को इटालियन शूटर रिकार्डो मजाटी ने कड़ी टक्कर दी लेकिन उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। चीन के शूटर येंग योहाओ ने कांस्य पदक हासिल किया। भारतीय शूटरों का आइएसएसएफ वर्ल्ड कप में अभी तक शानदार प्रदर्शन रहा है और उन्होंने अब तक कुल चार स्वर्ण पदक हासिल किए हैं।



## मेट्रो बाजार

# खाते में बैलेंस एक लाख रुपए तो एटीएम से अनलिमिटेड फ्री लेनदेन

**मुंबई, एजेंसी**

सरकारी बैंक एसबीआइ ने अपने ग्राहकों के लिए एटीएम से निकासी के नियमों में बदलाव किया है। बैंक ने एटीएम ट्रांजैक्शन चार्जेस और एटीएम से फ्री निकासी करने की लिमिट को बढ़ा दिया है। इस बदलाव के तहत, बैंक के सभी ग्राहक चाहे वे मेट्रो या नॉन-मेट्रो में रह रहे हों, उन्हें हर महीने एसबीआइ के एटीएम पर 10 मुफ्त लेनदेन और अन्य बैंकों के एटीएम पर 5 मुफ्त लेनदेन करने का अधिकार होगा। अगर आपके बचत खाते में पैसा नहीं होने के कारण एटीएम लेनदेन फेल हो जाता है, तो 20 रुपए+जीएसटी जुर्माना देना होगा। वहीं 1 मई, 2025 से, एसबीआइ ग्राहकों को अपनी निःशुल्क मासिक सीमा पार करने के बाद एटीएम से प्रति लेनदेन पर 23 रुपए निकासी शुल्क देना होगा।

**एटीएम पर लगने वाले चार्ज में होगा बदलाव:** एसबीआई ने एटीएम पर लगने वाले चार्ज में भी बदलाव किया है। बैंक के अनुसार, अगर आप एक बार जब आप अपने फ्री एटीएम ट्रांजैक्शन की लिमिट खत्म कर लेते हैं तो बैंक आपसे एसबीआइ के एटीएम पर हर ट्रांजैक्शन पर 15 रुपए+ जीएसटी वसूलेगा, चाहे आप कहीं भी हों। अगर आप दूसरे बैंकों के एटीएम का इस्तेमाल करते हैं, तो यह चार्ज 21 रुपए+ जीएसटी होगा। बैलेंस इक्वायरी, मिनी स्टेटमेंट आदि सर्विस के लिए फ्री लिमिट के बाद एसबीआइ एटीएम पर कोई शुल्क नहीं है। हालांकि, अगर आप अन्य बैंकों के एटीएम का इस्तेमाल करेंगे तो आपसे प्रति ट्रांजैक्शन 10 रुपए+जीएसटी लिया जाएगा।

**निकासी के नियम:** सभी मेट्रो या नॉन-मेट्रो ग्राहक अब हर महीने एसबीआइ एटीएम से 10 फ्री ट्रांजैक्शन और अन्य बैंकों के एटीएम से 5 फ्री ट्रांजैक्शन कर सकते हैं। खाते में 25,000 रुपए से 50,000 रुपए के बीच एवरेज मंथली बैलेंस रखने वाले ग्राहकों को अन्य बैंक एटीएम पर 5 फ्री ट्रांजैक्शन मिलेंगे। बैंक अकाउंट में एक लाख रुपए से ज्यादा का एवरेज मंथली बैलेंस रखने वालों को एसबीआइ और अन्य बैंक के एटीएम, दोनों से अनलिमिटेड फ्री ट्रांजैक्शन मिलेंगे।

# अब यूपीआई से एटीएम में जमा कर सकेंगे पैसा

**नईदिल्ली, एजेंसी**

अब यूपीआई सिस्टम से एटीएम में पैसा भी जमा किया जा सकेगा. यूपीआई की इस सुविधा से ग्राहकों को बहुत आराम हो जाएगा. इससे कहीं पैसा भेजने में ग्राहकों के समय की बचत होगी. फिलहाल आपको कैश ले जाकर मशीन में डालना पड़ता है और पूरी प्रक्रिया करने के बाद ही पैसा किसी अकाउंट में ट्रांसफर होता है. बताया गया कि केंद्रीय बैंक ने यूपीआई के जरिए कैश डिपॉजिट की अनुमति दे दी है. फिलहाल एटीएम से कार्डलेस कैश विथड्रॉल किया जा सकता है. फिलहाल कई यूजर्स एटीएम में पैसा जमा करने के लिए कैश के साथ ही डेबिट कार्ड का इस्तेमाल भी कर रहे हैं. इन कैश डिपॉजिट मशीनों ने बैंक कर्मचारियों का काम घटाने में बड़ी मदद की है. इससे बैंक में लगने वाली लंबी कतारें भी कम हुई हैं. इसलिए हमने इस सेवा में और विस्तार करने का फैसला किया है. आरबीआई ने बताया कि एटीएम में यूपीआई के जरिए पैसा जमा करने के दिशानिर्देश जल्द जारी कर दिए जाएंगे. फिलहाल प्रीपेड पेमेंट इंस्ट्रूमेंट्स से यूपीआई पेमेंट सिर्फ पीपीआई जारीकर्ता के वेब या मोबाइल एप का इस्तेमाल करके ही किया जा सकता है। अब पीपीआई वॉलेट से यूपीआई पेमेंट करने के लिए थर्ड पार्टी यूपीआई एप के इस्तेमाल की मंजूरी देने का प्रस्ताव है। इससे ग्राहकों को सुविधा होगी. साथ ही छोटे लेनदेन के लिए भी डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा मिलेगा.




## मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना

# शर्मिला टैगोर की कमाई से चलता था घर,सोहा अली खान बोलीं- पापा शौक के लिए क्रिकेट खेलते थे

सोहा अली खान ने हाल ही में एक इंटरव्यू में अपने पेरेंट्स की लाइफ से जुड़ी कुछ दिलचस्प बातें शेयर कीं। उन्होंने बताया कि उनके पापा मंसूर अली खान पटौदी, जिन्हें लोग प्यार से टाइगर कहते थे, क्रिकेट को पैशन की तरह खेलते थे, ना कि पैसे कमाने के लिए। सोहा ने कहा, हम अकसर उन्हीं लोगों से इंस्पायर होते हैं जो हमारे आसपास होते हैं। मेरे लिए वो इंसान मेरे पापा थे। जब मैं पैदा हुई, तब तक वो रिटायर हो चुके थे। उन्होंने क्रिकेट सिर्फ एंजॉयमेंट के लिए खेला। उस टाइम ना आईपीएल था, ना एडवर्टाइजमेंट, कुछ नहीं था। उस दौर में क्रिकेट में पैसा ही नहीं होता था। सोहा ने आगे बताया कि उनके घर में कमाने वाली उनकी मम्मी शर्मिला टैगोर थीं। पापा हमेशा कहते थे कि वही करना जो तुम्हें खुश रखे। मैंने मम्मी को देखा कि शादी के बाद भी उन्होंने अपने दिल की सुनी। वो 24 की उम्र में शादी कर चुकी थीं। उस टाइम पर एक्ट्रेस की शादी का मतलब होता था कि करियर खत्म। लेकिन मम्मी ने शादी के बाद भी काम किया और अपनी कुछ सबसे बड़ी हिट फिल्में उसी वक्त दीं। शर्मिला टैगोर और मंसूर अली खान पटौदी की शादी 1968 में हुई थी। उस वक्त ये शादी काफी चर्चा में रही थी क्योंकि ये इंटर-फेथ शादी थी। सोहा ने ट्विंकल खन्ना के शो ट्वीक इंडिया में बताया, शादी से पहले मम्मी-पापा को धमकियां मिल रही थीं। किसी ने यहां तक कह दिया था, बोलने की जरूरत नहीं, अब गोलियां बोलेंगी। सोहा ने ये भी बताया, मेरे नाना-नानी ने शादी के लिए फोर्ट विलियम बुक कराया था, लेकिन बारात में आर्मी कनेक्शन वाले लोग ज्यादा थे, तो आखिरी वक्त में मना कर दिया गया। फिर एक एम्बैसडर दोस्त का बड़ा-सा बंगला मिला, वहीं शादी हुई। शर्मिला टैगोर और पटौदी साहब ने 43 साल साथ बिताए। 2011 में पटौदी साहब का निधन हो गया।



# 'रेड 2' के आइटम नंबर का टीजर रिलीज : अजय ने 'एक्स' वीडियो शेयर किया

अजय देवगन की मच अवेटेड फिल्म रेड 2 काफी बज में है। फिल्म के आइटम सॉन्ग का टीजर रिलीज हुआ। इसमें तमन्ना भाटिया डांस करती दिखाई दे रही हैं। फिल्म रेड 2 के आइटम सॉन्ग का नाम नशा है। सॉन्ग का टीजर टी-सीरीज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर शेयर किया है। शेयर किए गए वीडियो में तमन्ना भाटिया आइवरी कलर की ड्रेस पहने और डांस करते नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस कवाला और आज की रात आइटम नंबर के फेमस होने के बाद अब तीसरे आइटम नंबर में नजर आएंगी। तमन्ना का सॉन्ग नशा 11 अप्रैल को टी-सीरीज के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से अपलोड किया जाएगा। अजय देवगन ने सॉन्ग का टीजर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर करते हुए लिखा, सबके दिल और दिमाग पर चढ़ेगा तमन्ना का नशा। फिल्म रेड 2 के ट्रेलर का फैंस काफी समय से इंतजार कर रहे थे। फिल्म का ट्रेलर 09 अप्रैल, बुधवार को यूट्यूब पर अपलोड किया गया। ट्रेलर में भी तमन्ना के आइटम नंबर की झलक दिखाई गई थी। तमन्ना के सॉन्ग का टीजर आउट होने के बाद फैंस पूरे सॉन्ग के लिए काफी एक्साइटेड हैं। सोशल मीडिया पर फैंस के पॉजिटिव रिएक्शन सामने आ रहे हैं। अजय देवगन रेड 2 में अमय पटनायक के रोल में वापसी कर रहे हैं। बुधवार को मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर भी रिलीज किया।

# फवाद खान की वापसी पर सनी देओल बोले, हम एक्टर हैं, सबके लिए काम करते हैं...

2016 में उरी हमले के बाद से भारत में पाकिस्तानी एक्टर्स को लेकर विवाद शुरू हो गया था। कई फिल्मों में उनका काम करना बंद कर दिया गया था। तभी से फवाद खान भी बॉलीवुड से दूर हो गए थे। अब फवाद खान फिर से एक हिंदी फिल्म अबीर गुलाल में नजर आने वाले हैं। इसको लेकर सोशल मीडिया पर लोगों की मिली-जुली प्रतिक्रिया आ रही है। इसी बीच सनी देओल से जब इस बारे में पूछा गया, तो उन्होंने अपनी बात खुलकर रखी। सनी ने कहा, देखो, मैं पॉलिटिक्स में नहीं जाना चाहता क्योंकि वहीं से चीजें गड़बड़ होने लगती हैं। हम एक्टर हैं, हम दुनिया के हर कोने के लोगों के लिए काम करते हैं। कोई देखे या ना देखे, हम सबके लिए हैं। ऐसा कुछ नहीं है कि किसी के लिए नहीं हैं। उन्होंने आगे कहा, आज की दुनिया ग्लोबल हो गई है, और हमें और देशों को जोड़ना चाहिए। यही सही तरीका है। बता दें, फवाद की फिल्म अबीर गुलाल 9 मई को रिलीज हो रही है। इस फिल्म में उनके साथ वाणी कपूर भी नजर आएंगी। एक्ट्रेस अमीषा पटेल ने भी इस मामले में फवाद का सपोर्ट किया है। उन्होंने कहा, मैं पहले से फवाद खान की फैन हूं। हम हर एक्टर और म्यूजिशियन का स्वागत करते हैं। ये हमारी संस्कृति है। आर्ट को हम आर्ट की तरह ही देखते हैं, उसमें मैं कोई भेदभाव नहीं करती। चाहे वो एक्टर हो, पेंटर हो, सिंगर हो या डायरेक्टर; सबका स्वागत है। सनी देओल की बात करें तो हाल ही में उनकी फिल्म जाट रिलीज हुई है। फिल्म को अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है।

